NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

सत्यमेव जयते

POSHAN Abhiyaan
PM's Overarching Scheme for Holistic Nourishment
सही पोषण - देश रोशन

अनीमिया मुक्त भारत
प्रशिक्षण टूल किट



प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य विभाग
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार
नवंबर 2019

अनीमिया मुक्त भारत

प्रशिक्षण टूल किट

परिचय

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बच्चों, किशोरों, प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं और गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण की ज़रुरतों पर विशेष ध्यान देने के लिए अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की शुरुआत की है।

इसे छह पहल के माध्यम से पूर्ण किया जाएगा, जिसके क्रियान्वयन को छह मज़बूत संस्थागत प्रक्रियाओं द्वारा सुविधाजनक बनाया जाएगा। इन पहल के क्रियान्वयन को सहज तरीकों से करने के लिए, एक प्रशिक्षण टूल किट तैयार की गई है जो विभिन्न स्तरों पर अलग–अलग हितधारकों को अनीमिया मुक्त भारत की रणनीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षित करने के लिए उपयोग किया जाएगा।

मार्गदर्शक सिद्धांत :

1. लाभार्थी केंद्रित दृष्टिकोण : स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए प्रतिबद्धता और लक्षित आयु वर्गों के बीच अनीमिया के फैलाव को कम करना।
2. सम्मिलित भागीदारी : समान लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी हितधारकों की भागीदारी को सुनिश्चित करना।
3. जवाबदेही : सभी सेवा प्रदाताओं के बीच सेवा वितरण के लिए जवाबदेही बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता।
4. दोहराव को कम करना : क्षमता निर्माण प्रक्रियाओं के लिए मौजूदा संस्थागत तंत्र का लाभ उठाना।

प्रशिक्षण टूल किट की सामग्री :

खंड 1– अनीमियाः एक परिचय।

खंड 2– अनीमियाः जांच और उपचार।

खंड 3– अनीमिया पर बातचीत।

खंड 4– आयरन फॉलिक एसिड आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन।

खंड 5– अनीमिया मुक्त भारत डैशबोर्ड पोर्टल।

अनीमिया मुक्त भारत प्रशिक्षण टूल किट का उद्देश्य :

अनीमिया मुक्त भारत के तहत विभिन्न घटकों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए, उन्हें प्रभावी ढंग से कार्य करने और उनकी भूमिका को समझने के लिए विविध हितधारकों (कार्यक्रम प्रबंधकों, चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्स, एएनएम, खरीद प्रबंधकों, डेटा प्रविष्टि ऑपरेटरों, शिक्षकों, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं) के लिए प्रशिक्षण टूल किट विकसित की गई हैं। सभी हितधारकों के क्षमता विकास की आवश्यकता के अनुसार उन्हें तीन समूहों में वर्गीकृत किया गया है।

- **समूह 1 – प्रबंधक:** कार्यक्रम और प्रक्रिया प्रबंधक (आईएफए खरीद, वितरण, रिपोर्टिंग, फार्मासिस्ट आदि), डाटा एंट्री ऑपरेटर।
- **समूह 2 – सेवा प्रदाता:** चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स, एएनएम।
- **समूह 3 – फील्ड कार्यकर्ता:** आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक।

समूह	टूल किट पर प्रशिक्षण की आवश्यकता
समूह 1 – प्रबंधक	अनीमिया का परिचय, अनीमिया मुक्त भारत डैशबोर्ड, आयरन फॉलिक एसिड आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन (योजना – पूर्वानुमान – मांग करना – खरीद– भंडारण और वितरण – रिपोर्टिंग)।
समूह 2 – सेवा प्रदाता	अनीमिया का परिचय, अनीमिया की जांच और उपचार– अनीमिया पर बातचीतः स्वस्थ शरीर और तेज़ दिमाग अभियान, आयरन फॉलिक एसिड आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन (मांग करना, रिपोर्टिंग)।
समूह 3 – फील्ड कार्यकर्ता	अनीमिया का परिचय, अनीमिया पर बातचीतः स्वस्थ शरीर और तेज़ दिमाग अभियान, आयरन फॉलिक एसिड आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन (मांग करना, रिपोर्टिंग)।

प्रशिक्षण की योजना :

नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एंड एडवांस्ड रिसर्च ऑन अनीमिया कंट्रोल, एम्स– नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण/उन्मुखीकरण आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तर पर राष्ट्रीय प्रशिक्षक मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे और फिर राज्यों में जिला–ब्लॉक–फील्ड स्तर के अधिकारियों के लिए आगे प्रशिक्षण हेतु राज्य द्वारा कैस्केड मोड में योजना बनाई जाएगी।

विषय-सूची

खण्ड 1 **अनीमियाः एक परिचय** 7–13

गतिविधि 1: अनीमिया की पहचान करना 8

गतिविधि 2: अनीमिया मुक्त भारत का परिचय 11

खण्ड 2 **अनीमियाः जांच और उपचार** 15–46

अनीमिया का निदान एवं जांच 16–23

सत्र 1: अनीमिया का निदान 16

गतिविधि 1: अनीमिया का निदान 16

सत्र 2: अनीमिया की जांच 18

गतिविधि 1: पॉइंट ऑफ केयर डिवाइस का उपयोग क्यों करें 18

गतिविधि 2: डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग करके हीमोग्लोबिन का आकलन करना 19

अनीमिया का रोगनिरोधन 24–31

सत्र 1: रोगनिरोधक आयरन और फॉलिक एसिड (आईएफए) की खुराक 24

गतिविधि 1: आयरन फॉलिक एसिड की खुराक अनीमिया से बचाती है 24

सत्र 2: कृमि नियंत्रण 29

गतिविधि 1: कृमि नियंत्रणः क्यों और कैसे 29

अनीमिया का उपचार 32–46

सत्र 1: मौखिक आयरन फॉलिक एसिड उपचार पद्धति 32

गतिविधि 1: अनीमिया की जांच एवं उपचार के लिए सेवा प्रदान करने वाले मंच 32

गतिविधि 2: आयरन फॉलिक एसिड गोलियों के उपयोग द्वारा अनीमिया का उपचार 34

सत्र 2: पैरेंट्रल आयरन उपचार पद्धति 38

गतिविधि 1: पैरेंट्रल आयरन उपचार पद्धतिः एक परिचय 38

गतिविधि 2: गर्भावस्था में पैरेंट्रल आयरन उपचार पद्धति 40

खण्ड 3 **अनीमिया पर बातचीतः सेवा प्रदाताओं और सामुदायिक कार्यकर्ताओं के लिए स्वस्थ शरीर और तेज़ दिमाग अभियान पर सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन संचार** 47–62

सत्र 1: व्यवहार परिवर्तन प्रक्रिया को समझना 48

भाग 1: कहानी कार्ड का उपयोग करते हुए कहानी बताना 49

भाग 2: व्यवहार परिवर्तन में सात चरणों को दर्शाते हुए पहला चार्ट प्रस्तुत करना 53

भाग 3: प्रतिभागियों द्वारा बदलते व्यवहार में व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करना 55

भाग 4: समूहों और चर्चा से प्रस्तुतियां 55

सत्र 2: संचार गतिविधियां और क्लाइंट के साथ अंतर्वैक्तिक संवाद के लिए अनीमिया मुक्त भारत संचार सामग्री का उपयोग कैसे करें 58

खण्ड 4 आपूर्ति श्रृंखला मैनुअल: कार्यक्रम प्रबंधकों और सेवा प्रदाताओं के लिए 63–93

सत्र 1: सार्वजनिक स्वास्थ्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन 66

सत्र 2: आईएफए आपूर्ति श्रृंखला प्रक्रिया और कार्य योजना 69

सत्र 3: राज्य-जिला-ब्लॉक टीम की भूमिकाएं और ज़िम्मेदारियां 84

खण्ड 5 अनीमिया मुक्त भारत डैशबोर्ड: रिपोर्टिंग, निगरानी और समीक्षा हेतु एकल समाधान बिन्दु 95–114

सत्र 1: परिचय 96

सत्र 2: डेटा 99

सत्र 3: त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट 109

सत्र 4: संसाधन 113

अनीमिया:
एक परिचय

खण्ड
1

गतिविधि 1: अनीमिया की पहचान करना

गतिविधि 2: अनीमिया मुक्त भारत का परिचय

गतिविधि 1: अनीमिया की पहचान करना

अवधि: 15 मिनट

उद्देश्य

सत्र के अंत तक प्रतिभागी जान सकेंगे :

- अनीमिया और इसके महत्व का वर्णन करना।
- अनीमिया के संकेत और लक्षण की पहचान करना।

कार्य प्रणाली

केस स्टडी, प्रश्नोत्तरी चर्चा।

आवश्यक सामग्री

चार्ट पेपर, मार्कर, बोर्ड, बोर्ड मार्कर/फ्लिप–चार्ट, रीना कहानी की केस स्टडी, एलसीडी प्रोजेक्टर, अनीमिया के संकेतों पर आधारित पावरपॉइंट स्लाइड।

चरण 1 **'रीना की कहानी'** को प्रोजेक्टर पर प्रस्तुत करें और एक प्रतिभागी से इसे पढ़ने के लिए कहें।

रीना की कहानी

रीना एक 13 साल की लड़की है। वह अपने माता–पिता, दो भाइयों और एक छोटी बहन के साथ उत्तर प्रदेश के एक शहर रामपुर में रहती है। रीना स्कूल जाती है और घर के सभी कामों में अपनी मां का हाथ भी बटाती है। उसके घर में हर रोज़ दो बार चावल और पतली दाल बनती है, जब कि कभी–कभार ही एक बार सब्जी पकाई जाती है। वह नूडल्स और बर्गर जैसे खाने वाली चीज़ों की बहुत शौकीन है, जो वह अक्सर स्कूल की कैंटीन में मध्यावकाश के समय खाती है। वह बहुत कमज़ोर महसूस करती है और हमेशा थकी रहती है। उसके परीक्षा में नंबर भी कम आने लगे हैं क्योंकि वह कक्षा में ध्यान नहीं लगा पाती है। वह चिड़चिड़ापन महसूस करती है और उसे खेलना पसंद नहीं है क्योंकि जब भी वह थोड़ा सा खेलती है उसका सांस फूलना शरू हो जाता है।

चरण 2 यह पूछते हुए चर्चा को आगे बढ़ाएं

- रीना को क्या हो गया है?
- इसके अलावा रीना में और क्या लक्षण हो सकते हैं?

चरण 3 **फैसिलिटेटर गाइड 1.1** का उपयोग करते हुए चर्चा करें।

फैसिलिटेटर गाइड 1.1

अनीमिया के लक्षण और संकेत

अनीमिया का निदान रक्त में हीमोग्लोबिन (एचबी) के स्तर की जांच के द्वारा किया जाता है। हालांकि, कुछ संकेत और लक्षण हैं, जो अनीमिया की पहचान करने में सहायता कर सकते हैं। जैसे–

- पलक या निचली पलक के अंदर पीलापन
- ज़बान का फीकापन
- शरीर की त्वचा
- हाथ के नाखून और हथेलियां
- जीभ में सूजन
- होठों के किनारों पर दरार
- नाजुक और चम्मच के आकार के नाखून
- चक्कर आना, थकान, काम में मन न लगना और ऊर्जा की कमी
- दिल की धड़कन असमान्य रूप से तेज़ होना, विशेष रूप से व्यायाम के दौरान
- सासों का तेज़ चलना
- लगातार सिरदर्द, विशेष रूप से व्यायाम के दौरान
- सुस्ती, खेलने और पढ़ाई में रुचि की कमी
- ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई या असमर्थता
- पैर में ऐंठन
- संक्रमण और लगातार बीमार पड़ना

चरण 4 अनीमिया के विभिन्न संकेतों पर निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण दिखाएं (शीर्षकों के बिना) और प्रतिभागियों को उनकी पहचान करने के लिए कहें।

(वैकल्पिक रूप से, छोटा 10 मिनट का वीडियो दिखाया जा सकता है)।

चरण 5 इस बात पर ज़ोर देते हुए चर्चा का समापन करें कि "अनीमिया की स्थिति गंभीर होने तक इसके संकेत और लक्षण चिकित्सकीय रूप से नहीं भी दिखाई दे सकते हैं। कभी–कभी गंभीर अनीमिया की शुरुआत से पहले भी नकारात्मक स्वास्थ्य के लक्षण दिख जाते हैं।''

गतिविधि 2: अनीमिया मुक्त भारत का परिचय

अवधि: 20 मिनट

उद्देश्य

सत्र के अंत तक प्रतिभागी जान सकेंगे :

- अनीमिया मुक्त भारत के तहत रणनीतियों को सूचीबद्ध करना।

कार्य प्रणाली

पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण, चर्चा।

आवश्यक सामग्री

एलसीडी प्रोजेक्टर, अनीमिया के विभिन्न संकेतों पर पावरपॉइंट स्लाइड।

स्लाइड 1

अनीमिया मुक्त भारत

गहन राष्ट्रीय आयरन प्लस पहल कार्यक्रम के अंतर्गत अनीमिया की वार्षिक दर में एक से तीन प्रतिशत गिरावट लाने का लक्ष्य

6X6X6 रणनीति

6 लाभार्थी

1. 6–59 महीने के बच्चे।
2. 5–9 साल के बच्चे।
3. 10–19 साल के किशोर–किशोरी।
4. प्रजनन योग्य आयु की महिलाएं (15–49 वर्ष)।
5. गर्भवती महिलाएं।
6. स्तनपान कराने वाली महिलाएं।

6 हस्तक्षेप

- रोगनिरोधी आयरन फॉलिक एसिड अनुपूरक।
- कृमि नियंत्रण दवा।

- साल भर होने वाले व्यवहार परिवर्तन संचार अभियान में देर से नाल के बांधने को शामिल करना सुनिश्चित करना।
- अस्पताल में डिजिटल तरीकों और देखभाल तथा उपचार के बिंदु का उपयोग करके अनीमिया की जांच।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में आयरन फॉलिक एसिड फोर्टीफाइड भोजन का अनिवार्य प्रवधान।
- मलेरिया, हीमोग्लोबिनोपैथी और फ्लोरोसिस पर विशेष ध्यान देते हुए विशेष स्थानों पर अनीमिया के गैर–पोषण संबंधी कारणों को चिन्हित करना।

6 संस्थागत तंत्र

- अंतर–मंत्रालय समन्वय
- अनीमिया नियंत्रण पर राष्ट्रीय उत्कृष्टता और उन्नत अनुसंधान केन्द्र।
- आपूर्ति श्रृंखला और संचालन को मज़बूत करना।
- राष्ट्रीय अनीमिया मुक्त भारत इकाई।
- अन्य मंत्रालयों के साथ अभिसरण।
- अनीमिया मुक्त भारत डैशबोर्ड और डिजिटल पोर्टल – अनीमिया के लिए वन–स्टॉप शॉप।

नया क्या है?

1. सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में किशोर लड़कियों और लड़कों के लिए (आरबीएसके के माध्यम से) और गर्भवती महिलाओं (एएनसी क्लीनिक) के लिए नियमित जांच और उपचार करना।
2. विलंबित कॉर्ड क्लैम्पिंग।
3. महिलाओं और किशोरियों के लिए आयरन की रोगनिरोधी खुराक में 100 मिलीग्राम से बदलकर 60 मिलीग्राम आयरन तत्व करना। आयरन की गोलियां चीनी लेपित होंगी।
4. सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में फोर्टीफाइड फूड का उपयोग अनिवार्य करना।
5. डबल फोर्टिफाइड नमक–आयोडीन और आयरन के उपयोग पर विशेष ध्यान देना।
6. हीमोग्लोबिन जांच और देखभाल व उपचार के लिए इनवेसिव डिजिटल तरीकों का उपयोग करना।
7. मध्यम/गंभीर अनीमिया के प्रबंधन के लिए इंट्रा वेनस आयरन सुक्रोज/फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज का उपयोग करना।
8. 20–24 साल की नवविवाहित महिलाओं पर विशेष ध्यान देना।
9. सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के अलावा निजी स्कूलों पर भी ध्यान देना।
10. राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर अनीमिया मुक्त भारत के लिए कार्यक्रम प्रबंधन इकाइयों की स्थापना।
11. विभाजक और एचएमआईएस आधारित त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट और पुरस्कार देना।
12. समर्पित एएमबी डैशबोर्ड और पोर्टल www.anemiamuktbharat.info
13. मलेरिया, फ्लोरोसिस और हेमोग्लोबिनोपैथी पर विशेष ध्यान देने के साथ अनीमिया के गैर–पोषण संबंधी कारणों का निवारण करने के लिए कार्यक्रमों को मज़बूत करना।
14. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में अनीमिया नियंत्रण पर राष्ट्रीय उत्कृष्टता और उन्नत अनुसंधान केन्द्र की स्थापना करना।
15. अनीमिया नियंत्रण पर राज्य उत्कृष्टता और उन्नत अनुसंधान संस्थान।
16. गहन संचार और नव विकसित संचार सामग्री और संचार गतिविधियों के माध्यम से एक जन आंदोलन का निर्माण करना।

चरण 6 यह कहकर गतिविधि को समाप्त करें कि अनीमिया मुक्त भारत अभियान गहन राष्ट्रीय आयरन प्लस पहल कार्यक्रम के रूप में अनीमिया की रोकथाम और उपचार के लिए विस्तृत दिशा–निर्देशों का पालन करता है।

याद रखने योग्य बातें

- ☑ उम्र और लिंग के अनुसार हीमोग्लोबिन के स्तर में कमी होने पर अनीमिया होता है।
- ☑ अनीमिया के कारण खराब स्वास्थ्य, आर्थिक नुकसान और सामाजिक बोझ बढ़ता है।
- ☑ खून में हीमोग्लोबिन (एचबी) के स्तर के आकलन से और चिकित्सकीय लक्षणों के आधार पर अनीमिया का निदान किया जा सकता है।
- ☑ अनीमिया पोषण की कमी, संक्रमण और आनुवांशिक बीमारियों के कारण होता है, जिससे प्रजनन में परेशानी, लाल रक्त कोशिकाओं की अधिक समाप्ति या खून की कमी हो सकती है।
- ☑ हो सकता है, अनीमिया की स्थिति गंभीर होने तक अनीमिया के संकेत और लक्षण सही रूप से न दिखाई दें। कभी–कभी गंभीर अनीमिया की शुरुआत से भी नकारात्मक स्वास्थ्य के लक्षण दिख जाते हैं।
- ☑ कमज़ोर वर्गों के बीच पूरे भारत में अनीमिया की व्यापकता 50 प्रतिशत से अधिक है, और पिछले 10 वर्षों में, अधिकांश आयु वर्गों में अनीमिया की दर में कमी आई है।
- ☑ भारत में अनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम 1970 में राष्ट्रीय पोषण अनीमिया रोगनिरोधक कार्यक्रम (एनएनएपीपी) के रूप में शुरू हुआ और 2018 में अनीमिया मुक्त भारत के रूप में संशोधित हुआ।

अनीमिया:
जांच और उपचार

खण्ड
2

अनीमिया का निदान एवं जांच

सत्र 1: अनीमिया का निदान

गतिविधि 1: अनीमिया का निदान

सत्र 2: अनीमिया की जांच

गतिविधि 1: पॉइंट ऑफ केयर डिवाइस का उपयोग क्यों करें

गतिविधि 2: डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग करके हीमोग्लोबिन का आकलन करना

अनीमिया का रोगनिरोधन

सत्र 1: रोगनिरोधक आयरन और फॉलिक एसिड (आईएफए) की खुराक

गतिविधि 1: आयरन फॉलिक एसिड की खुराक अनीमिया से बचाती है

सत्र 2: कृमि नियंत्रण

गतिविधि 1: कृमि नियंत्रण: क्यों और कैसे

अनीमिया का उपचार

सत्र 1: मौखिक आयरन फॉलिक एसिड उपचार पद्धति

गतिविधि 1: अनीमिया की जांच एवं उपचार के लिए सेवा प्रदान करने वाले मंच

गतिविधि 2: आयरन फॉलिक एसिड गोलियों के उपयोग द्वारा अनीमिया का उपचार

सत्र 2: पैरेंट्रल आयरन उपचार पद्धति

गतिविधि 1: पैरेंट्रल आयरन उपचार पद्धति: एक परिचय

गतिविधि 2: गर्भावस्था में पैरेंट्रल आयरन उपचार पद्धति

अनीमिया का निदान एवं जांच

सत्र 1: अनीमिया का निदान

गतिविधि 1: अनीमिया का निदान

अवधि: 15 मिनट

उद्देश्य

सत्र के अंत तक प्रतिभागी जान सकेंगे :

- विभिन्न आयु वर्गों में अनीमिया के निदान के लिए हीमोग्लोबिन के स्तर को बताना।
- विभिन्न आयु वर्गों में अनीमिया के निदान के मापदंडों के आधार पर उसकी गंभीरता का आकलन करना।

कार्य प्रणाली

चर्चा के लिए पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण।

आवश्यक सामग्री

एलसीडी प्रोजेक्टर, प्रस्तुतीकरण।

चरण 1 प्रतिभागियों का स्वागत करें और उन्हें मॉड्यूल 1 के बारे में याद दिलाएं, जिसमें उन्होंने अनीमिया की पहचान के बारे में सीखा है।

चरण 2 प्रतिभागियों से पूछें :

यह आकलन करने के तरीके क्या हैं कि कोई व्यक्ति एनीमिक है?

बोर्ड/फ्लिपचार्ट पर प्रतिभागियों के उत्तर को लिखें। उनके ये उत्तर हो सकते हैं :

- ....संकेतों और लक्षणों की पहचान के द्वारा।
- ....हीमोग्लोबिन के अनुमान से।

चरण 3 प्रतिभागियों को धन्यवाद दें और कहें, "अनीमिया का निदान कुछ मापदंडों पर आधारित होना चाहिए। इसके अलावा, संकेतों और लक्षणों की पहचान से अनीमिया की पहचान करने में मदद तो मिलती है, पर अनीमिया की गंभीरता का आकलन सही रूप से नहीं हो पाता।

चरण 4 पावरपॉइंट की स्लाइड 1 को दिखाएं।

आयु वर्ग	अनीमिया नहीं (ग्राम/डीएल)	हल्का अनीमिया (ग्राम/डीएल)	मध्यम अनीमिया (ग्राम/डीएल)	गंभीर अनीमिया (ग्राम/डीएल)
6–59 महीने की उम्र के बच्चे	≥11.0	10–10.9	7.0–9.9	<7.0
5–11 वर्ष की आयु के बच्चे	≥11.5	11.0–11.4	8.0–10.9	<8.0
12–14 वर्ष की आयु के बच्चे	≥12.0	11.0–11.9	8.0–10.9	<8.0
गैर–गर्भवती महिलाएं (15 वर्ष और उससे अधिक)	≥12.0	11.0–11.9	8.0–10.9	<8.0
गर्भवती महिलाएं	≥11.0	10.0–10.9	7.0–9.9	<7.0
पुरुष (15 वर्ष और अधिक आयु)	≥13.0	11.0–12.9	8.0–10.9	<8.0

स्रोतः (डब्ल्यूएचओ, 2011)

चरण 5 किसी भी एक प्रतिभागी को अनीमिया का निदान करने और एक विशेष आयु वर्ग के लिए इसकी गंभीरता का आकलन करने के लिए मापदंड को पढ़ने दें। सभी आयु समूहों के सम्मिलित होने तक प्रक्रिया जारी रखें। यदि कोई सवाल हैं तो उनका जवाब दें।

चरण 6 यह कहकर गतिविधि का सारांश बताएं कि विभिन्न आयु वर्गों के लिए हीमोग्लोबिन के स्तर के आधार पर डब्ल्यूएचओ द्वारा अनीमिया की जांच और मूल्यांकन हेतु मापदंड तय किए गए हैं।

सत्र 2: अनीमिया की जांच

गतिविधि 1: पॉइंट ऑफ केयर डिवाइस का उपयोग क्यों करें

अवधि: 10 मिनट

उद्देश्य

सत्र के अंत तक प्रतिभागी जान सकेंगे :

- डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग करके हीमोग्लोबिन स्तर को मापना।

कार्य प्रणाली

चर्चा

आवश्यक सामग्री

एलसीडी प्रोजेक्टर, डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग करने पर फिल्म।

चरण 1 'अनीमिया मुक्त भारत अभियान के छह कार्यक्रमों के बारे में प्रतिभागियों को याद दिलाएं।

चरण 2 बताएं कि "डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग करते हुए हीमोग्लोबिन की जांच और अनीमिया का उपचार'' अनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत एक नया कार्यक्रम है। अनीमिया से ग्रसित होने वाले आयु वर्गों में अनीमिया की गंभीरता के अनुसार उचित उपचार की शुरुआत के लिए बड़े पैमाने पर जांच (मास स्क्रीनिंग) ज़रूरी है।

चरण 3 बताएं कि सुविधा स्तर और क्षेत्र स्तर पर अनीमिया के परीक्षण के लिए उपकरण इस प्रकार हैं:

1. फैसिलिटी स्तर पर (ब्लॉक और उच्च स्तर की स्वास्थ्य सुविधा)।
   - सेमी ऑटो एनालाइज़र का उपयोग करके हीमोग्लोबिन के स्तर का अनुमान लगाया जाएगा।
2. ब्लॉक स्तर से नीचे की स्वास्थ्य सुविधाओं पर (जहां हेमेटोलॉजी एनालाइज़र उपलब्ध नहीं हैं) और फील्ड स्तर पर :
   - हीमोग्लोबिन की जांच के लिए डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग किया जाएगा। डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर पॉइंट ऑफ केयर परीक्षण उपकरण हैं, जिसका उपयोग हीमोग्लोबिन को मापने के लिए अस्पताल के बाहर, लाभार्थी के घर पर किया जा सकता है।

फैसिलिटेटर की गाइड 2.1 का उपयोग करके पॉइंट ऑफ केयर डिवाइस का उपयोग करने के लाभों पर चर्चा करें।

फैसिलिटेटर की गाइड 2.1

पॉइंट ऑफ केयर डिवाइस का उपयोग करने के फायदे

- अंततः बेहतर स्वास्थ्य परिणामों के लिए परीक्षण के परिणामों तक तेज़ी से पहुंचे जो कि चिकित्सीय निर्णय लेने और उपचार में मदद करता है।
- विशेषकर बच्चों में, वेन्यूपंक्चर की तुलना में खून के सैंपल लेने में आसानी होती है। कोशिका का सैंपल उंगली, एड़ी या कान से लिया जा सकता है।
- थोड़े से खून के सैंपल की आवश्यकता होती है।
- निर्धारित समय में बड़ी संख्या में लाभार्थियों को सेवाएं दी जा सकती है।
- लाभार्थियों द्वारा स्वास्थ्य सुविधा पर जाने की दिक्कतों को दूर करता है।
- फॉलो–अप के दौरान कोई लाभार्थी छूटते नहीं हैं।

चरण 4 गतिविधि को इस संदेश के साथ समाप्त करें कि पॉइंट ऑफ केयर डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर डिवाइसों का पारंपरिक साहली के हीमोग्लोबिनोमीटर की तुलना में बहुत अधिक लाभ है और इसलिए उनका उपयोग अनीमिया की व्यापक जांच के लिए किया जाता है।

गतिविधि 2: डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग करके हीमोग्लोबिन का आकलन करना

अवधि: 40 मिनट

उद्देश्य

सत्र के अंत तक प्रतिभागी जान सकेंगे :

- डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग करके हीमोग्लोबिन स्तर को मापना।

कार्य प्रणाली

एवी शो पर चर्चा/चेकलिस्ट उपयोग का प्रदर्शन।

आवश्यक सामग्री

एलसीडी प्रोजेक्टर, डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग करने पर फिल्म।

चरण 1 बताएं कि इस गतिविधि में वे हीमोग्लोबिन के स्तर का आकलन करने के लिए डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग करना सीखेंगे।

इस बात को महत्व देते हुए बताएं कि हीमोग्लोबिन को मापने के लिए डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा स्वीकृत है। जिन निर्माताओं ने डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर उपकरण बनाए हैं, उन्हें प्रतिष्ठित नियामक प्राधिकरण जैसे कि एफडीए, यूरोपीय सीई और अन्य प्रासंगिक भारतीय नियामक प्राधिकरण आदि द्वारा रोग विषयक उपयोग के लिए स्वीकृत किया जाना चाहिए।

चरण 2 एवी फिल्म शुरू करें और डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग करने के विभिन्न चरणों पर चर्चा करें।

डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग कर हीमोग्लोबिन के आकलन के लिए चेकलिस्ट :

1. बैटरी या चार्जर के साथ डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर।
2. माइक्रोक्यूवेट्स या स्ट्रिप्स।
3. लैंसेट।
4. एल्कोहल पट्टी या रूई।
5. दस्ताने।
6. टिशू पेपर।
7. लैंसेट, माइक्रोक्यूवेट्स, स्ट्रिप्स के उपयोग करने के बाद फेंकने के लिए बायो–हज़ार्ड कंटेनर।

1. खून निकालने के लिए प्रमुख रूप से काम में न लाए जाने वाले हाथ की तीसरी (मध्य) या चौथी (अंगूठी वाली) उंगली चुनें।

चित्र 1: खून निकालने के लिए प्रमुख रूप से काम में न लाए जाने वाले हाथ की तीसरी (मध्य) या चौथी (अंगूठी) उंगली

सावधानियां

- अंगूठे और छोटी उंगली को न चुनें।
- मोटी घट्टों वाली उंगलियों को न चुनें।
- तंग अंगूठी वाली उंगलियों को न चुनें क्योंकि वे रक्त प्रवाह को बाधित कर सकते हैं।

2. रक्त प्रवाह ठीक तरह से होने के लिए व्यक्ति को अपने हाथों को रगड़ने के लिए कहें।
3. एल्कोहल पैड से उंगलियों को पोछें और इसे पूरी तरह से हवा में सूखने दें।

चित्र 2: उंगली को चुनें और उसे एल्कोहल से साफ करें

सावधानियां

- एल्कोहल को सुखाने के लिए उंगली पर फूंक न मारें।
- एल्कोहल को साफ न करें।
- जब तक एल्कोहल पूरी तरह से सूख न जाए, तब तक उंगली में चुभन न करें।

चित्र 3: उंगली पर सही जगह पर छेद करें



4. उंगलियों को बीच से ठीक नीचे की ओर पकड़ें।

चित्र 4: उंगली पर मज़बूती से लैंसेट रखें और ट्रिगर को दबाएं

5. दिखाए गए चित्र 4 के अनुसार मध्य रेखा से दूर छेद करने वाले स्थान पर लैंसेट को सपाट उंगली पर रखें और मज़बूती से ट्रिगर दबाएं।
6. बायो–हज़ार्ड कंटेनर में लैंसेट को फेकें।
7. उंगली को दबाए रखें और खून की एक पूरी बूंद को इकट्ठा होने दें।
8. जब खून की एक बूंद उंगली पर एकत्र हो जाए तो, उस खून की पहली बूंद को पोंछने के लिए रुई या टिश्यू का उपयोग करें।
9. हीमोग्लोबिन के आकलन के लिए खून की दूसरी या तीसरी बूंद का उपयोग करें।

उपयोग किए गए जांच उपकरण के प्रकार का चयन करें :

(क) माइक्रोक्यूवेटका उपयोग कर हीमोग्लोबिन की जांच

1. मीटर को ऑन करें। मॉनिटर पर तीन डैश दिखने के बाद, क्यूवेट होल्डर को लोडिंग स्थिति में खींचें।

चित्र 5: लोडिंग स्थिति में क्यूवेट धारक

2. एक निरंतर प्रक्रिया में माइक्रोक्यूवेट भरें। खून की सही मात्रा (10 µl) को माइक्रोक्यूवेट में खींचें। माइक्रोक्यूवेट पूरी तरह से भरा होना चाहिए।
3. माइक्रोक्यूवेट टिप के बाहर खून की अतिरिक्त बूंदों को साफ कर दें।
4. भरे हुए माइक्रोक्यूवेट में हवा के बुलबुले की जांच करें। यदि बुलबुले मौजूद है, तो एक नए माइक्रोक्यूवेट का उपयोग करें।

चित्र 6: माइक्रोक्यूवेट को भरना

5. भरे हुए माइक्रोक्यूवेट को क्यूवेट होल्डर में रखें (माइक्रोक्यूवेट को भरने के 40 सेकंड के भीतर)।
6. माप लेने की स्थिति में क्यूवेट होल्डर को भीतर की तरफ दबाएं।
7. परिणाम को पढ़ें और रिकॉर्ड करें। माइक्रोक्यूवेट को निकालें और उसे उपयुक्त बायो–हज़ार्ड डब्बे में फेकें। उपकरण में क्यूवेट होल्डर को वापस भीतर की तरफ दबाएं।

चित्र 7: माप लेने की स्थिति में क्यूवेट धारक

माइक्रोक्यूवेट का उपयोग करने के लिए सावधानियां

1. माइक्रोक्यूवेट का समाप्ति तिथि से पहले उपयोग करें।
2. माइक्रोक्यूवेट को 10–40 डिग्री सेल्सियस पर रखें। इन्हें रेफ्रीजरेटर में न रखें।
3. 10 से 40 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर समाप्ति तिथि (पैकेज पर मुद्रित) तक बिना खुला हुआ बॉक्स रखा जा सकता है।
4. माइक्रोक्यूवेट बॉक्स को खोलने के बाद उसे 3 महीने तक उपयोग किया जा सकता है। बॉक्स की खुलने की तारीख लिख कर रखें।
5. एक बंद बॉक्स या खुला बॉक्स को कम अवधि (6 सप्ताह) के लिए 10 डिग्री से कम या 40 डिग्री से अधिक सेल्सियस के बीच रखा जा सकता है।
6. विश्लेषक यंत्र को 0–50 डिग्री सेल्सियस पर स्टोर करें। विश्लेषक यंत्र का संचालन 10–40 डिग्री सेल्सियस व 5–90 प्रतिशत गैर–संघनक सापेक्ष आर्द्रता पर करें।

ख. स्ट्रिप का उपयोग करके हीमोग्लोबिन स्तर की जांच

1. मीटर को ऑन करें, सिस्टम एक ऑटोचेक और ऑटो–कैलीबरेशन से होकर गुज़रता है। जिसके बाद बैटरी स्तर, दिनांक, समय और पट्टी का बैच कोड 2 सेकंड के भीतर प्रदर्शित किया जाता है।
2. स्ट्रिप बोतल पर लिखा कोड डालें।
3. मीटर के डिस्प्ले पर 'स्ट्रिप' चिन्ह दिखाई देगा। मीटर में एक नया टेस्ट स्ट्रिप डालें। टेस्ट स्ट्रिप डालने से पहले डिस्प्ले में दिए निशान को देखें।
4. वी (V) आकार के बने चिन्ह के अनुसार पट्टी की सही स्थिति सुनिश्चित करें।

सावधानियां: परीक्षण के दौरान पट्टी के सफेद जांचा क्षेत्र में उंगलियां या अन्य वस्तुओं को न आने दें।

5. मीटर के डिस्प्ले पर बूंद का चिन्ह दिखाई देगा। उसके बाद सफेद रंग के परीक्षण क्षेत्र पर खून की दूसरी बूंद को गिराएं।
6. परिणाम को पढ़ें और लिखें।
7. उपयोग की गई जांच पट्टी को मीटर से निकालें और उपयुक्त बायो–हज़ार्ड कंटेनर में फेंक दें।

चरण 3 गतिविधि को यह कहते हुए समाप्त करें कि डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर द्वारा हीमोग्लोबिन का आकलन या तो माइक्रोक्यूवेट विधि या स्ट्रिप विधि का उपयोग करके किया जा सकता है। इस बात का ध्यान रखें कि बीच की उंगली में चुभन कर सही तरीके से माइक्रोक्यूवेट विधि या स्ट्रिप विधि के लिए निर्धारित चरणों का पालन करना चाहिए।

याद रखने योग्य बातें

- ☑ 'डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर के उपयोग से हीमोग्लोबिन की जांच और अनीमिया के पॉइंट ऑफ केयर डिवाइस' अनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत एक नई पहल है।
- ☑ पॉइंट ऑफ केयर डिवाइस का पारंपरिक साहली के हीमोग्लोबिनोमीटर की तुलना में बहुत अधिक लाभ है और इसलिए इसका उपयोग अनीमिया की बड़े पैमाने पर जांच के लिए किया जाता है।
- ☑ पॉइंट ऑफ केयर डिवाइस प्रतिष्ठित नियामक प्राधिकरण जैसे कि एफडीए, यूरोपीय सीई और अन्य प्रासंगिक भारतीय नियामक प्राधिकरण आदि द्वारा रोग विषयक उपयोग के लिए स्वीकृत किया जाना चाहिए।
- ☑ डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर एक उपकरण है जिसके द्वारा माइक्रोक्यूवेट या स्ट्रिप विधि का उपयोग करके हीमोग्लोबिन को मापा जा सकता है।

अनीमिया का रोगनिरोधन

सत्र 1: रोगनिरोधक आयरन और फॉलिक एसिड (आईएफए) की खुराक

गतिविधि 1: आयरन फॉलिक एसिड की खुराक अनीमिया से बचाती है

अवधि: 30 मिनट

उद्देश्य

इस सत्र के अंत तक प्रतिभागी जान पाएंगे :

- विभिन्न आयु के समूहों में रोगनिरोधी आयरन फॉलिक एसिड की खुराक निर्धारित करना।

कार्य प्रणाली

जोड़ा बनाकर अभ्यास करना पावरपॉइंट प्रस्तुति पर चर्चा।

आवश्यक सामग्री

सफेदबोर्ड/फ्लिप–चार्ट/मार्कर, पहले से तैयार लाल और नीली पर्ची, एलसीडी प्रोजेक्टर, पावरपॉइंट स्लाइड।

चरण 1 प्रतिभागियों से पूछकर चर्चा शुरू करें :

- अनीमिया के लिए रोगनिरोधक की आवश्यकता क्यों है? बताए गए उत्तर को फ्लिपचार्ट/बोर्ड पर लिखें।

चरण 2 "अनीमिया की रोकथाम के लिए अनीमिया रोगनिरोधक अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके दो घटक हैं–

- आयरन फॉलिक एसिड की खुराक, शरीर में आयरन और फॉलिक एसिड को पूरा करने और सभी उम्र में शरीर में इसकी ज़रुरतों को पूरा करने में मदद करता है।
- कृमि नियंत्रण, कीड़े को मारने में मदद करता है, जिससे आयरन और प्रोटीन की कमी से अनीमिया होता है।

चरण 3 प्रतिभागियों को बताएं कि वे एक अभ्यास करेंगे।

चरण 4 एक कटोरा लें, जिसमें लाल और नीले रंग की पर्चियां हों :

लाल पर्चियां

6–59 महीने की उम्र के बच्चे	5–9 वर्ष की आयु के बच्चे	स्कूल जाने वाले किशोर लड़के व लड़कियां (10–19 वर्ष) और स्कूल न जाने वाली 10–19 वर्ष की लड़कियां
प्रजनन आयु की महिलाएं (गर्भवती न हुई महिलाएं, स्तनपान न कराने वाली) 20–49 वर्ष	गर्भवती महिलाएं	स्तनपान कराने वाली माताएं (0–6 महीने के बच्चे)

नीली पर्चियां

सप्ताह में 2 बार 1 मिलीलीटर आयरन फॉलिक एसिड सिरप। प्रत्येक आयरन फॉलिक एसिड सिरप में 20 मिलीग्राम आयरन के साथ 100 एमजी फॉलिक एसिड	साप्ताह में 1 आयरन फॉलिक एसिड की गोली। प्रत्येक गोली में 45 मिलीग्राम आयरन के साथ 400 एमसीजी फॉलिक एसिड	साप्ताह में 1 आयरन फॉलिक एसिड की गोली। प्रत्येक गोली में 60 मिलीग्राम आयरन के साथ 500 एमसीजी फॉलिक एसिड
सप्ताह में 1 आयरन फॉलिक एसिड की गोली। प्रत्येक गोली में 60 मिलीग्राम आयरन के साथ 500 एमसीजी एसिड	गर्भावस्था का चौथा महीना शुरू होने पर (दूसरी तिमाही) हर रोज़ 1 आयरन फॉलिक एसिड की गोली गर्भावस्था के दौरान शुरू करें (न्यूनतम 180 दिन) प्रत्येक गोली में 60 मिलीग्राम आयरन के साथ 500 एमसीजी फॉलिक एसिड	गर्भावस्था का चौथा महीना शुरू होने पर हर रोज़ 1 आयरन फॉलिक एसिड की गोली गर्भावस्था के बाद न्यूनतम 180 दिन तक जारी रखें। प्रत्येक गोली में 60 मिलीग्राम आयरन के साथ 500 एमसीजी फॉलिक एसिड

दोनों पर्चियों को मिलाएं

चरण 5 12 प्रतिभागियों को समूह से बाहर आने को कहें और प्रत्येक को एक पर्ची ले कर वापस अपनी सीट पर बैठ जाने को कहें।

चरण 6 बताएं कि प्रत्येक 'लाल पर्ची' अलग–अलग आयु के समूह का प्रतिनिधित्व करती है और 'नीली पर्ची' में समूह के अनुसार आयरन फॉलिक एसिड की रोगनिरोधी खुराक शामिल है।

चरण 7 प्रतिभागियों के दोनों समूहों को 5 मिनट का समय दें और आपस में बातचीत करने को कहें।

प्रत्येक लाल पर्ची वाले प्रतिभागी को नीली पर्ची वाले प्रतिभागी के साथ मिलकर आयु के अनुसार दी जाने वाली आयरन फॉलिक एसिड की सही खुराक का एक एक जोड़ा बनाने को कहें।

चरण 8 5 मिनट के बाद, एक जोड़ी को आगे बुलाएं और पहले लाल पर्ची और उसके बाद नीली पर्ची को पढ़ने के लिए कहें।

समूह से पूछें कि क्या नीली पर्ची में आयरन फॉलिक एसिड की खुराक, लाल पर्ची में दिए गए आयु के अनुसार है।

अंतिम जोड़ी तक प्रक्रिया जारी रखें।

चरण 9 प्रतिभागियों को पावरपॉइंट की स्लाइड 1 दिखाएं और यदि कोई सवाल हो तो उनका जवाब दें।

स्लाइड 1

आयरन फॉलिक एसिड की रोगनिरोधी खुराक

आयु वर्ग	आयरन फॉलिक एसिड की रोगनिरोधी खुराक
6–59 महीने की उम्र के बच्चे	सप्ताह में 2 बार 1 मिलीलीटर आयरन फॉलिक एसिड सिरप। प्रत्येक सिरप में 20 मिलीग्राम आयरन के साथ 100 एमसीजी फॉलिक एसिड मोनो–कार्टन पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) के दिशानिर्देशों के अनुसार बोतल (50 एमएल) में ऑटो–डिस्पेंसर' और उस पर सूचना पत्रक हो। गंभीर बीमारियों (बुखार, दस्त, निमोनिया, आदि) और थैलेसीमिया के पहचाने हुए मामलों में रोगनिरोधी आयरन और फॉलिक एसिड को रोक देना चाहिए। बच्चों में गंभीर कुपोषण (एसएएम) के मामले में, सैम प्रबंधन प्रोटोकॉल के अनुसार आईएफए पूरकता को जारी रखा जाना चाहिए।
5–9 वर्ष की आयु के बच्चे 	साप्ताहिक, 1 आयरन और फॉलिक एसिड की गोली। प्रत्येक टैबलेट में 45 मिलीग्राम आयरन के साथ 400 एमसीजी फॉलिक एसिड चीनी–लेपित होता है, जिसका रंग गुलाबी होता है।
स्कूल जाने वाले किशोर लड़के व लड़कियां (10–19 वर्ष) और स्कूल न जाने वाली 10–19 वर्ष की लड़कियां 	साप्ताहिक, 1 आयरन फॉलिक एसिड की गोली। प्रत्येक टैबलेट में 60 मिलीग्राम आयरन के साथ 500 एमसीजी फॉलिक एसिड चीनी–लेपित होता है, जिसका रंग नीला होता है। पूर्व गर्भाधान से लेकर गर्भावस्था के पहले तीन महीने की अवधि के दौरान, भ्रूण में तंत्रिका ट्यूब दोष की घटनाओं को कम करने के लिए प्रजनन आयु वर्ग (15–49 वर्ष) की सभी महिलाओं को 400 एमसीजी फॉलिक एसिड की गोलियां खाने की सलाह दी जाती है।
प्रजनन आयु की महिलाएं (गर्भवती न हुई महिलाएं, स्तनपान न कराने वाली) 20–49 वर्ष	साप्ताहिक, 1 आयरन फॉलिक एसिड की गोली। प्रत्येक टैबलेट में 60 मिलीग्राम आयरन के साथ 500 एमसीजी फॉलिक एसिड चीनी–लेपित होता है, जिसका रंग लाल होता है। पूर्व गर्भाधान से लेकर गर्भावस्था के पहले तीन महीने की अवधि के दौरान, भ्रूण में तंत्रिका ट्यूब दोष की घटनाओं को कम करने के लिए प्रजनन आयु वर्ग (15–49 वर्ष) की सभी महिलाओं को 400 एमसीजी फॉलिक एसिड की गोलियां खाने की सलाह दी जाती है।
गर्भवती महिलाएं	गर्भावस्था के चौथे महीने से शुरू होने पर 1 आयरन फॉलिक एसिड की गोली (जो दूसरी तिमाही से है)। गर्भावस्था के दौरान न्यूनतम 180 दिनों तक जारी रखें। प्रत्येक गोली में 60 मिलीग्राम आयरन के साथ 500 एमसीजी फॉलिक एसिड, चीनी–लेपित, जिसका रंग लाल होता है।
स्तनपान कराने वाली माताएं (0–6 महीने के बच्चे)	• प्रतिदिन आयरन फॉलिक एसिड की 1 गोली लें। • प्रसव के बाद लगातार 180 दिनों तक। • प्रत्येक गोली में 60 मिलीग्राम आयरन के साथ 500 एमसीजी फॉलिक एसिड। • चीनी–लेपित, लाल रंग।

टेबल – रोगनिरोधी आईएफए सेवा वितरण मंच

आयु वर्ग	सेवा वितरण मंच
बच्चे 6–59 महीने	• आशा को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सामुदायिक केन्द्र से आईएफए बोतलों की आवश्यक संख्या प्राप्त होगी। • आशा प्रत्येक बच्चे को 1 सप्ताह के लिए आईएफए सिरप की साप्ताहिक खुराक प्रदान करेगी। • आशा आईएफए सिरप को प्रशासित करने और आईएफए अनुपालन कार्ड में रिकॉर्डिंग/अंकन करने के लिए मां को प्रशिक्षित करेगी। • दूसरे सप्ताह से महीने के अंत तक (महीने की शेष छह खुराकें), मां आशा की देखरेख में बच्चे को आईएफए की सिरप देगी। आशा पखवाड़े का दौरा करेंगी और अपनी उपस्थिति में आईएफए सिरप का प्रबंध करने के लिए माताओं को प्रोत्साहित करेंगी। • इसके बाद मां अपने बच्चे के लिए द्विवार्षिक आईएफए की सिरप का प्रबंध करेगी और आईएफए अनुपालन कार्ड पर उसी को चिन्हित करेगी। • आशा समय–समय पर माताओं की देखरेख करेंगी।
बच्चे 5–9 साल	**स्कूल जाने वाले बच्चे** • स्पॉट फीडिंग एप्रोच के माध्यम से एक बार गुलाबी आईएफए टैबलेट प्रदान किया जाएगा। • सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में – आईएफए टैबलेट मध्याह्न भोजन के बाद प्रदान किए जाएंगे। • निजी स्कूलों में – दोपहर के भोजन के अवकाश के बाद आईएफए टैबलेट प्रदान किए जाएंगे। **स्कूल न जाने वाले बच्चे** • आशा गृह भ्रमण के दौरान आईएफए टैबलेट प्रदान करेगी।
किशोरों को 10–19 वर्ष	• स्कूल जाने वाले 10–19 वर्ष के किशोर। • शिक्षकों द्वारा एक नीला आईएफए टैबलेट साप्ताहिक दिया जाएगा। • स्कूल न जाने वाले 10–19 वर्ष की किशोरियां। • आंगनवाड़ी केन्द्रों पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के त्रैमासिक किशोर स्वास्थ्य दिवस के माध्यम से नीली आईएफए टैबलेट प्रदान किया जाएगा।
प्रजनन आयु वर्ग की महिलाएं	• राज्यों को आईएफए टैबलेट, फॉलिक एसिड की गोलियां और टीकाकरण दिवस/वीएचएनडी प्लेटफॉर्म के माध्यम से डब्ल्यूआरए को व्यवस्थित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जहां भी संभव हो। • शुरू करने के लिए, प्रजनन आयु वाली 22–24 वर्ग की महिलाओं को आईएफए की गोली प्रदान किया जाएगा। मिशन परिवार विकास मंच का उपयोग करते हुए नई पहल किट में आईएफए टैबलेट प्रदान किया जाएगा। • राज्यों को योग्य दंपती रजिस्टर की तैयारी सुनिश्चित करनी चाहिए। • आशा, वीएचएनडीएस पर लक्षित समूहों को (डब्ल्यूआरए) जुटाएगी – अनीमिया को रोकने के लिए एएनएम उन्हें आईएफए की खपत और कृमि नियंत्रण (एल्बेंडाजोल) के लिए परामर्श देगी।

	• यदि डब्ल्यूआरए गर्भावस्था की योजना बना रहा है, तो उसे आईएफए पूरकता को रोकने और फॉलिक एसिड की खुराक शुरू करने तथा गर्भावस्था के 12 सप्ताह तक जारी रखने के लिए सलाह दी जानी चाहिए। • एएनएम द्वारा वीएचएनडी/सामुदायिक केन्द्र में फॉलिक एसिड की गोलियां प्रदान की जाएंगी।
गर्भवती महिलाएं	आईएफए टैबलेट को प्रसवपूर्व देखभाल संपर्कों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।
स्तनपान कराने वाली महिलाएं	जब वे अपने बच्चे को टीकाकरण के लिए लाते हैं तो वीएचएनडी प्लेटफॉर्म के माध्यम से आईएफए टैबलेट दी जाएगी।

चरण 10 **फैसिलिटेटर मार्गदर्शिका 2.2** की मदद से आईएफए खुराक को खाते समय महत्वपूर्ण जानकारी को समझाएं।

फैसिलिटेटर की गाइड 2.2

आईएफए की खुराक का उपयोग: याद रखने योग्य बातें

जी मचलाना जैसे दुष्प्रभावों को रोकने के लिए खाने के एक घंटे बाद आईएफए की गोलियां लेनी चाहिए।

दुष्प्रभाव की शिकायत करने वाले लाभार्थियों को रात के खाने के बाद और सोने से पहले आईएफए की खुराक लेने की सलाह दी जाती है।

आयरन के अवशोषण में सुधार के लिए विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थों के साथ–साथ नीबू, पानी, आंवला (भारतीय करौदा) आदि जैसे खाद्य पदार्थों के साथ आईएफए की खुराक का सेवन करना चाहिए।

आईएफए के सेवन के एक घंटे के भीतर चाय या कॉफी नहीं पीनी चाहिए, क्योंकि यह आयरन के अवशोषण को कम कर सकती है।

आयरन और कैल्शियम की गोलियों का एक साथ सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि कैल्शियम आयरन के अवशोषण में हस्तक्षेप करता है। कैल्शियम और आयरन टैबलेट के सेवन के बीच कम से कम दो घंटे का अंतराल होना चाहिए।

सत्र 2: कृमि नियंत्रण

गतिविधि 1: कृमि नियंत्रण: क्यों और कैसे

अवधि: 30 मिनट

उद्देश्य

सत्र के अंत तक प्रतिभागी जान पाएंगे कि: अनीमिया की रोकथाम और उपचार में कृमि नियंत्रण का क्या महत्व है :

- सभी आयु के समूह के लिए कृमि नियंत्रण की सही खुराक।

कार्य प्रणाली

पावरपॉइंट प्रस्तुति, चर्चा।

आवश्यक सामग्री

एलसीडी प्रोजेक्टर, पावरपॉइंट स्लाइड।

चरण 1 चर्चा करते हुए पूछें :

1. अनीमिया की रोकथाम और उपचार के लिए कृमि नियंत्रण क्यों महत्वपूर्ण है?
2. **फैसिलिटेटर गाइड 2.3** का उपयोग कर अनुपस्थित जानकारी जोड़ें।

फैसिलिटेटर की गाइड 2.3

कृमि नियंत्रण

मिट्टी से संक्रमण फैलाने वाले कृमि – जिसमें राउंडवॉर्म *(एस्केरिस लुम्ब्रिकॉइड्स),* व्हिपवर्म्स *(ट्रिचोरिस ट्राइचीरा)* और हुकवर्म *(नेकेटर एमिरिकेनस और एंकिलोस्टोमा डुओडीनेल)* शामिल हैं – विकासशील देशों में रहने वाले लोगों में संक्रमण के सामान्य कारणों में से हैं।

मिट्टी से संक्रमण फैलाने वाले कृमि कई तरीकों से किसी व्यक्ति की पोषण स्थिति को खराब करते हैं :

- रक्त सहित ऊतकों (host tissues) को खा कर, जिससे आयरन और प्रोटीन की कमी होती है।
- आंतरिक रक्तस्राव जिससे आयरन की कमी, आंतों की सूजन और रोग निरोधकता का नुकसान हो सकता है।
- दस्त।
- पोषक तत्वों के सेवन, पाचन और अवशोषण में कमी।

खराब स्वच्छता और खुले में शौच करने की प्रथाओं के कारण, कृमि संक्रमण हमारे देश में हर उम्र में व्यापक है।

पोषक तत्वों की कमी के साथ–साथ कृमि संक्रमण (विशेष रूप से हुकवर्म संक्रमण) अनीमिया का एक महत्वपूर्ण कारण है और इस प्रकार अनीमिया रोकथाम के लिए कृमि नियंत्रण एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

चरण 2 पावरपॉइंट की स्लाइड 2 का उपयोग करके विभिन्न आयु के समूहों में डीवार्मिंग (कृमि नियंत्रण) की खुराक पर चर्चा करें।

स्लाइड 2

कृमि नियंत्रण की खुराक और पालन

	आयु वर्ग	कृमि नियंत्रण की खुराक और परहेज़
	12–59 महीने के बच्चे	साल में दो बार 400 मिलीग्राम कृमि नियंत्रण (एल्बेंडाजोल) की खुराक (12 से 24 महीने के बच्चों के लिए आधी गोली और 24 से 59 महीने के बच्चों के लिए 1 गोली)
	5–9 वर्ष की आयु के बच्चे	साल में दो बार 400 मिलीग्राम कृमि नियंत्रण (एल्बेंडाजोल) (1 गोली) खुराक
	स्कूल जाने वाले किशोर लड़के व लड़कियां (10–19 वर्ष) और स्कूल न जाने वाली 10–19 वर्ष की लड़कियां	साल में दो बार 400 मिलीग्राम कृमि नियंत्रण (एल्बेंडाजोल) (1 गोली) खुराक
	प्रजनन आयु की महिलाएं (गर्भवती न हुई महिलाएं, स्तनपान न कराने वाली महिलाएं) 20–49 वर्ष	साल में दो बार 400 मिलीग्राम कृमि नियंत्रण (एल्बेंडाजोल) (1 गोली) खुराक
	गर्भवती महिलाएं	पहली तिमाही के बाद, विशेषतः दूसरी तिमाही के दौरान, 400 मिलीग्राम कृमि नियंत्रण (एल्बेंडाजोल) (1 गोली) की खुराक

चरण 3 यह कहकर गतिविधि को समाप्त करें कि आयरन और फॉलिक एसिड रोगनिरोधक के साथ कृमि नियंत्रण अनीमिया की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि, प्रभावी कृमि नियंत्रण के लिए सही खुराक और अनुपालन की आवश्यकता है।

याद रखने योग्य बातें

- ☑ आयरन फॉलिक एसिड (आईएफए) की खुराक सभी उम्र में शरीर के आवश्यक तत्वों और ज़रुरतों को पूरा करती है।
- ☑ आईएफए खुराक के बेहतर अवशोषण के लिए विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थों के साथ इसका सेवन करना चाहिए।
- ☑ पोषक तत्वों की कमी के साथ कृमि संक्रमण (विशेष रूप से हुकवर्म संक्रमण) अनीमिया का एक महत्वपूर्ण कारण है।
- ☑ 12 महीने से 24 महीने के बच्चों को आधी खुराक (एल्बेंडाजोल की गोली 200 मिलीग्राम) देते हैं। सभी आयु वर्ग में कृमि नियंत्रण के लिए 400 मिलीग्राम एल्बेंडाजोल (1 गोली) की खुराक साल में दो बार दी जाती है।
- ☑ गर्भवती महिला को पहली तिमाही के बाद, विशेषतः दूसरी तिमाही के दौरान, 400 मिलीग्राम एल्बेंडाजोल (1 गोली) की एक खुराक दी जाती है।
- ☑ आयरन युक्त खाद्य पदार्थ लेना महत्वपूर्ण है। मांस, मछली, अंडा, मुर्गी, हरी पत्तेदार सब्ज़ियां (सरसों, मेथी, बथुआ, चौलाई के पत्ते, मूली के पत्ते), दालें (चना साबुत, घोड़ा (कुल्थी) चना साबुत) और अनाज (गेहूं का आटा, बाजरा) रागी, ज्वार)। विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे फल (आंवला, अमरूद, नींबू, संतरा, कच्चा आम), सब्ज़ियां (सहजन की पत्तियां, चौलाई, शिमला मिर्च) और अंकुरित दालों को शामिल करने से आयरन के अवशोषण को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। यह अनीमिया को रोकने में मदद करता है।

अनीमिया का उपचार

सत्र 1: मौखिक आयरन फॉलिक एसिड उपचार पद्धति

गतिविधि 1: अनीमिया की जांच एवं उपचार के लिए सेवा प्रदान करने वाले मंच

अवधि: 30 मिनट

उद्देश्य

सत्र के अंत तक प्रतिभागी जान पाएंगे :

- अनीमिया की जांच और उपचार हेतु मंच का वर्णन करना।
- विभिन्न आयु वर्गों में अनीमिया के मौखिक आयरन फॉलिक एसिड उपचार के दिशानिर्देशों पर चर्चा।

कार्य प्रणाली

- पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण
- चर्चा

आवश्यक सामग्री

बोर्ड, मार्कर, एलसीडी प्रोजेक्टर, पावरपॉइंट स्लाइड।

चरण 1 प्रतिभागियों का स्वागत करें। उन्हें मॉड्यूल 1 के बारे में याद दिलाएं जिसमें उन्होंने 'अनीमिया मुक्त भारत' अभियान के बारे में जाना था।

चरण 2 पूछें कि विभिन्न आयु के समूहों के लिए आईएफए की खुराक के लिए सेवा वितरण मंच क्या हैं? सभी की प्रतिक्रियाओं को बोर्ड पर लिखें।

चरण 3 बताएं कि आईएफए की खुराक के लिए 'अनीमिया मुक्त भारत' अभियान में विभिन्न आयु (लाभार्थी) समूहों के लिए सेवा वितरण मंच की पहचान की गई है।

चरण 4 आईएफए की खुराक के लिए सेवा वितरण स्थान पर मौजूदा पावरपॉइंट **स्लाइड 3** दिखाएं। यदि कोई प्रश्न हो, तो उनका उत्तर बताएं।

चरण 5 प्रतिभागियों को यह बताते हुए **सत्र समाप्त** करें कि स्वास्थ्य टीम के सभी सदस्यों को आईएफए खुराक के लिए सेवा वितरण मंच के बारे में पता होना चाहिए और लक्षित समूहों को अनीमिया की जांच तथा उपचार के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए।

स्लाइड 3

अनीमिया के परीक्षण और उपचार के लिए सेवा वितरण मंच

लक्षित समूह ए	**6–59 महीने के बच्चे**
कौन जांच करेगा और जांच करने की जगह	• एएनएमः वीएचएनडी/उपकेन्द्र/सत्र स्थान • आरबीएसके टीमः आंगनवाड़ी/स्कूल • चिकित्सा अधिकारीः स्वास्थ्य सुविधा
समय अंतराल	• आरबीएसके/एएनएम माइक्रोप्लान के अनुसार • चिकित्सा अधिकारीः अवसर आधारित
लक्षित समूह बी	**5–9 साल के बच्चे**
कौन स्क्रीन करेगा और स्क्रीनिंग की जगह	• आरबीएसके की टीम्स या समूह अनीमिया के लिए स्कूल में और स्कूल से बाहर के बच्चों की जांच करेंगी। • अनीमिया के रोग के लक्षण और संकेत वाले सभी बच्चे। • हीमोग्लोबिन की जांच और आगे के प्रबंधन के लिए सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को रेफर किया जाएगा।
समय अंतराल	• साल में एक बार। • अवसर आधारित जांच जैसे, स्वास्थ्य सुविधा पर उपस्थित बीमार बच्चों का नियमित एचबी को मापना
लक्षित समूह सी	**सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले सभी 10–19 साल के किशोर**
कौन स्क्रीन करेगा और स्क्रीनिंग की जगह	आरबीएसके टीम द्वारा स्कूल परिसर में।
समय अंतराल	वार्षिक
लक्षित समूह डी	**प्रसव पूर्व देखभाल के लिए गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण**
कौन स्क्रीन करेगा और स्क्रीनिंग की जगह	किसी भी एएनसी में स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, जैसे कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) शामिल हैं। **किसी भी एएनसी केन्द्र पर सभी गर्भवती महिलाओं का डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर के प्रयोग से अनीमिया की जांच की जाएगी।**
समय अंतराल	प्रत्येक प्रसव पूर्व जांच के दौरान।

एएमबी रणनीति का प्रस्ताव है कि आरबीएसके टीम द्वारा स्कूलों में किशोर लड़कियों और लड़कों का डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग करके अनीमिया की वार्षिक जांच की जाएगी। इसी तरह, गर्भवती महिलाओं को सभी एएनसी संपर्क बिंदुओं पर डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग कर अनीमिया के लिए जांच की जाएगी। ब्लॉक स्तर और उसके ऊपर के संस्करण में सभी उच्च केस लोड सुविधाओं में सेमी–ऑटो एनालाइज़र का उपयोग करके हीमोग्लोबिन का आकलन किया जाएगा।

गतिविधि 2: आयरन फॉलिक एसिड गोलियों के उपयोग द्वारा अनीमिया का उपचार

अवधि: घंटा 45 मिनट

उद्देश्य

सत्र के अंत तक प्रतिभागी जान पाएंगे :

- विभिन्न जनसंख्या समूहों में अनीमिया के लिए आयरन फॉलिक एसिड उपचार की दिशानिर्देशों पर चर्चा करना।
- आयरन फॉलिक एसिड पूरकता के लिए सेवा वितरण प्लेटफार्मों का वर्णन करना, मौखिक आयरन फॉलिक के लिए दिशानिर्देशों पर चर्चा करना।

कार्य प्रणाली

पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण, चर्चा।

आवश्यक सामग्री

बोर्ड, मार्कर, एलसीडी प्रोजेक्टर, पावरपॉइंट स्लाइड।

चरण 1 प्रतिभागियों को बताएं कि वर्तमान गतिविधि में वे आयरन फॉलिक एसिड (आईएफए) की गोली का उपयोग करके अनीमिया के उपचार के दिशानिर्देशों के बारे में जानेंगे।

चरण 2 विभिन्न आयु समूहों को अनीमिया के उपचार के लिए फ्लोचार्ट के स्लाइड्स को दिखाएं। यदि कोई प्रश्न हो, तो उनका उत्तर दें।

फ्लोचार्ट 1: बच्चों में अनीमिया का उपचार (6–59 महीने)



फ्लोचार्ट 2: बच्चों में अनीमिया का उपचार (5–9 वर्ष)



फ्लोचार्ट 3: किशोरों में अनीमिया का उपचार (10–19 वर्ष)



अनीमिया का वर्गीकरण:

जनसंख्या	अल्प अनीमिया (ग्राम/डीएल)*	अनीमिया नहीं (ग्राम/डीएल)**
बच्चे (10–11 वर्ष)	11-11.4	≥11.5
बच्चे (12–14 वर्ष)	11-11.9	≥12
महिलाएं (15–19 वर्ष)	11-11.9	≥12
पुरुष (15–19 वर्ष)	11-12.9	≥13

फ्लोचार्ट 4: गर्भवती महिला के लिए अनीमिया का उपचार



चरण 3 सभी प्रतिभागियों में 1–5 तक के फ्लोचार्ट की प्रतियों को बांट दें।

चरण 4 यह कहकर चर्चा का सारांश बताएं कि आईएफए गोलियों की अनुशंसित खुराक से सभी उम्र में अल्प और मध्य अनीमिया का प्रभावी ढंग से उपचार किया जा सकता है। हालांकि, हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य होने के बाद, परामर्श के साथ रोगनिरोधी आईएफए की खुराक दी जानी चाहिए।

सत्र 2: पैरेंट्रल आयरन उपचार पद्धति

गतिविधि 1: पैरेंट्रल आयरन उपचार पद्धतिः एक परिचय

अवधिः 45 मिनट

उद्देश्य

सत्र के अंत तक प्रतिभागी जान पाएंगे :

- पैरेंट्रल आयरन के उपचार के महत्व का वर्णन करना।
- उन स्थितियों की पहचान करना, जहां पैरेंट्रल आयरन के उपचार का संकेत दिया गया है।
- गर्भावस्था में इन्ट्राविनस आयरन सुक्रोज़ के साथ अनीमिया का उपचार प्रदान करना।

कार्य प्रणाली

समूह कार्य और चर्चा।

आवश्यक सामग्री

चार्ट पेपर, मार्कर, पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण, एलसीडी।

चरण 1 प्रतिभागियों का स्वागत करें और उन्हें बताएं कि वह एक समूह कार्य कर रहे हैं।

चरण 2 निम्नलिखित विषयों के आधार पर प्रतिभागियों को 4 समूहों में बांटें।

समूह 1: पैरेंट्रल आयरन के उपचार का महत्व।

समूह 2: पैरेंट्रल आयरन के उपचार का संकेत।

समूह 3: आयरन सुक्रोज़ देते समयः क्या करें और क्या न करें।

समूह 4: आयरन सूक्रोज़ देते समयः सावधानियां।

चरण 3 समूहों को चार्ट और मार्कर बांटें और उन्हें 10 मिनट के लिए काम करने को कहें।

चरण 4 10 मिनट के बाद समूहों को अपने काम को एक–एक करके प्रस्तुत करने को कहें, प्रत्येक प्रस्तुति के बाद **फैसिलिटेटर की गाइड 2.4** में दी गई जानकारी जोड़ें।

(वैकल्पिक रूप से, फैसिलिटेटर की गाइड 2.4 में प्रत्येक स्लाइड को दिखाया जा सकता है)

फैसिलिटेटर की गाइड 2.4

पैरेंट्रल आयरन का उपचार

पैरेंट्रल आयरन का उपचार क्यों

मौखिक आईएफए पूरकता के अक्सर साइड इफेक्ट्स जैसे उल्टी, जी मिचलाना, कब्ज़, अपच आदि होते हैं।

पैरेंट्रल आयरन उपचार प्राकृतिक गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विनियामक तंत्र को लाल रक्त कोशिकाओं को गैर–प्रोटीन आयरन वितरित करने से रोकता है। इंट्रा–वेनस (IV) आयरन हीमोग्लोबिन और आयरन प्रचुरता को प्राप्त करने में मदद करता है, और आयरन की कमी वाले अनीमिया के उपचार में मौखिक आयरन की तुलना में बेहतर होता है।

आयरन सुक्रोज़ फार्मूला

आयरन सुक्रोज़, पैरेंट्रल आयरन थेरेपी के लिए उपयोग किया जाने वाला सबसे सामान्य फार्मूला है।

आयरन सुक्रोज़ एक नॉन–डेक्सट्रान इंट्रा वीनस आयरन फार्मूला है, जिसमें पोलीन्यूक्लियर आयरन (III) का एक कोम्प्लेक्स होता है, जो सूक्रोज़ द्वारा घिरा हाइड्रॉक्साइड कोर है। इसकी अर्ध आयु 5–6 घंटे होती है, जो अपेक्षाकृत तेज़ी से एरिथ्रोपोएसिस के लिए ज़िम्मेदार है और 5 से 7 दिनों के भीतर हीमोग्लोबिन में त्वरित वृद्धि प्रदान कर सकता है।

लक्षण

निम्नलिखित स्थितियों से प्रभावित व्यक्तियों में इंट्रा–वीनस आयरन सुक्रोज़ को अनीमिया प्रबंधन के लिए पहला कदम माना जा सकता है :

1. गर्भावस्था (गर्भावस्था की पहली तिमाही के बाद) और प्रसव पूर्व अवधि के दौरान हल्का अनीमिया
   - मौखिक आयरन को नहीं लिया जा सकता है
   - मौखिक आयरन का अनुपालन न होने पर
   - ओरल आईएफए उपचार के एक महीने के बाद हीमोग्लोबिन स्तर में कोई सुधार नहीं हुआ या 1 ग्राम/डीएलसे कम सुधार होने पर
2. गर्भावस्था के 13 से 34 सप्ताह के दौरान गंभीर रक्ताल्पता (एचबी 6.9 से 5 ग्राम/डीएल)/अनीमिया

निषेध

1. आयरन की अधिकता वाले रोगी।
2. आयरन या इसके किसी भी घटक के लिए ज्ञात अतिसंवेदनशीलता वाले रोगी।
3. अनीमिया के मरीज़ जिन्हें अनीमिया आयरन की कमी से नहीं हुआ है।
4. पीलिया, सिरोसिस या गुर्दे (लीवर) की विफलता जैसे गुर्दे का विकार।
5. तीव्र हृदय विफलता।
6. थैलेसीमिया, सिकल सेल अनीमिया या हेमोलिटिक अनीमिया के ज्ञात मामले।

आयरन सुक्रोज़ प्रशासन देना: क्या करें और क्या न करें

- आयरन सुक्रोज़ 5 मिली शीशी में उपलब्ध होता है, जिसमें प्रति मिली आयरन सुक्रोज़ में 20 मिलीग्राम आयरन तत्व मौजूद होते हैं।
- आयरन सुक्रोज़ को 200 मिलीग्राम/खुराक की धीमी गति से 100 मिलीलीटर 0.9 प्रतिशत 20–30 मिनट में दिया जाना चाहिए।
- पहले पांच मिनट के दौरान, इन्फ्युसन 20–30 बूंद प्रति मिनट की दर से दिया जाना चाहिए और फिर बढ़ा कर 80–90 बूंद प्रति मिनट हो जाना चाहिए।
- बाद की खुराक 20 से 25 मिनट की अवधि में दी जा सकती है। इस दर पर दवा के असर की निगरानी करना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि बहुत धीमी गति से या बहुत तेज़ दर से दवा देने से साइड इफेक्ट हो सकते हैं।

- अधिकतम खुराक एक सप्ताह में 600 मिलीग्राम (प्रत्येक 200 मिलीग्राम की 3 खुराक) से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- चिकित्सा अधिकारी की निगरानी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या स्वास्थ्य केन्द्र के उच्च स्तर पर आयरन सुक्रोज़ की देखरेख करनी चाहिए।
- इन्फ्युसन के पहले, उसके दौरान (शुरुआत के बाद हर 5 मिनट पर) और अंत में रक्तचाप, हृदय गति, श्वसन दर, तापमान और भ्रूण के दिल की धड़कन की दर जैसे महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी की जानी चाहिए।
- गंभीर और मध्यम अनीमिया से प्रभावित गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन स्तर में आईवी आयरन सुक्रोज़ उपचार की पूरी खुराक के 3 सप्ताह बाद अपेक्षित वृद्धि लगभग 2.5 ग्राम/डीएल और 1.6 ग्राम/डीएल होनी चाहिए।
- आईवीआईएस के अपव्यय के कारण त्वचा के स्थायी विघटन से बचने के लिए, उपचार शुरू करने से पहले केन्युला को सामान्य सैलाइन की तेज धार से धो कर (फ्लश करके) इस्तेमाल की जानी चाहिए।

सावधानियां

- किसी भी अचानक गंभीर प्रतिकूल प्रतिक्रिया से निपटने के लिए सभी जीवन रक्षक उपकरण उपलब्ध होने चाहिए।
- गर्भवती महिलाओं के संपर्क में आने से पहले और बाद में हाथों की सफाई करें।
- इस्टेराइल और डिस्पोज़ेबल इंट्रा वीनस (IV) इन्फ्युसन सेट, वेनफ्लॉन और सिरिंज का उपयोग करें।
- कैन्युला की स्पष्टता सुनिश्चित की जानी चाहिए, अन्यथा आयरन के अपव्यय से त्वचा में स्थायी दाग/धब्बे हो सकते हैं।
- आवश्यक खुराक लेने के बाद शीशी में बची हुई अनुपयोगी दवा का इस्तेमाल न करें। बची हुई आईवी आयरन सुक्रोज़ को बाद में उपयोग के लिए न रखें।
- किसी भी रिएक्शन के मामले में एक एविल (फेनिरामाइन) और एक वायल हाइड्रोकार्टिसोन तुरंत इन्ट्रावीनस रूप से दे दें और ड्यूटी पर कार्यरत चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करें।

चरण 6 प्रतिभागियों को धन्यवाद देकर गतिविधि को समाप्त करें और उन्हें बताएं कि वे अगली गतिविधि में गर्भावस्था में अनीमिया के पैरेंट्रल उपचार के बारे में जानेंगे।

गतिविधि 2: गर्भावस्था में पैरेंट्रल आयरन उपचार पद्धति

अवधि: 45 मिनट

उद्देश्य

सत्र के अंत तक प्रतिभागी जान पाएंगे :

- पैरेंट्रल आयरन के उपचार के महत्व का वर्णन करना।
- उन स्थितियों की पहचान करना, जहां पैरेंट्रल आयरन के उपचार का संकेत दिया गया है।
- गर्भावस्था में इन्ट्राविनस आयरन सुक्रोज़ के साथ अनीमिया का उपचार प्रदान करना।

कार्य प्रणाली

चर्चा, पावरपॉइंट प्रस्तुति, अभ्यास।

आवश्यक सामग्री

चार्ट पेपर, मार्कर, पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण, एलसीडी।

चरण 1 प्रतिभागियों का स्वागत करें और उन्हें बताएं कि वे गर्भावस्था में आयरन सुक्रोज़ का उपयोग कर अनीमिया के उपचार के बारे में सीखेंगे।

चरण 2 पावरपॉइंट को प्रस्तुत करें और यदि कोई प्रश्न हो, तो उनका उत्तर दें।

चरण 3 **हैंडआउट 1** को बांटें: गर्भावस्था में (इंटरावेनस) आयरन सुक्रोज़ का उपयोग कर अनीमिया का उपचार

हैंडआउट 1

गर्भावस्था में इन्ट्रावीनस आयरन सुक्रोज़ का उपयोग कर अनीमिया का उपचार

लक्षण

गर्भावस्था में इन्ट्रावीनस आयरन सुक्रोज़ का उपयोग कर पैरेंट्रल थेरेपी इंगित करता है।

गर्भावस्था (गर्भावस्था की पहली तिमाही के बाद) और प्रसव पूर्व अवधि के दौरान हल्का अनीमिया।

- मौखिक आयरन को न ले पाना।
- हीमोग्लोबिन स्तर में कोई सुधार न होना या आईएफए खाने के एक महीने के बाद 1 ग्राम/डीएल से कम सुधार हो।

खुराक की गणना

लौह सूक्रोज़ के इन्ट्रावीनस आयरन सुक्रोज़ के प्रबंधन के लिए आवश्यक आयरन की गणना गेंजोनी के फार्मूला का उपयोग करके की जा सकती है।

कुल आयरन की कमी (मिलीग्राम) = शरीर का वज़न* (किलो) X (प्रायोजित एचबी ग्राम/डीएल – वास्तविक एचबी ग्राम/डीएल) X 2.4 + 500*****

**गर्भावस्था से पहले का वज़न। यदि गर्भावस्था से पहले का वज़न उपलब्ध नहीं है, तो पहली तिमाही के पहले भ्रमण के दौरान रिकॉर्ड किए गए वज़न का उपयोग किया जा सकता है।*

***गर्भवती महिलाओं के लिए लक्ष्य एचबी = 11.0 ग्राम/डीएल*

****35 किग्रा वज़न वाली महिलाओं के शरीर में आयरन को फिर से पूरा करने के लिए 500 मिलीग्राम*

यदि गर्भवती महिलाओं का वज़न 35 किलोग्राम से कम है, तो आयरन के भंडारण के लिए भत्ता = 15 मिलीग्राम/किग्रा शरीर का वज़न)

उदाहरण

यदि गर्भवती महिला का वज़न 60 किलोग्राम (गर्भावस्था से पहले वज़न) है तो हीमोग्लोबिन का स्तर 9.5 ग्राम/डीएल:

कुल आयरन की कमी = 60 X (11.0–9.5) X 2.4 + 500 = 716 मिलीग्राम

आसान तरीका

एक बार में कुल 200 मिलीग्राम आयरन सुक्रोज़ (आयरन सुक्रोज़ का 10 मिली) की खुराक को नसों में डाला जा सकता है।

कुल आयरन सुक्रोज़ की खुराक की गणना पत्रक

Hb	5	5.1	5.2	5.3	5.4	5.5	5.6	5.7	5.8	5.9	6	6.1	6.2	6.3	6.4	6.5	6.6	6.7	6.8	6.9	7	7.1	7.2	7.3	7.4	7.5	7.6	7.7	7.8	7.9	8	8.1	8.2	8.3	8.4	8.5	8.6	8.7	8.8	8.9
Wt																																									
40	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900	900	900	800	800	800	800	800	800	800	800	800	700	700	700	700	700	700	700	700	700	700	600	600
41	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900	900	900	800	800	800	800	800	800	800	800	800	800	700	700	700	700	700	700	700	700	600	600
42	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900	900	900	800	800	800	800	800	800	800	800	800	700	700	700	700	700	700	700	700	700
43	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900	900	800	800	800	800	800	800	800	800	800	700	700	700	700	700	700	700
44	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900	900	900	800	800	800	800	800	800	800	800	700	700	700	700	700	700
45	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900	900	900	800	800	800	800	800	800	800	800	700	700	700	700	700
46	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900	900	800	800	800	800	800	800	800	800	700	700	700	700
47	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900	900	900	800	800	800	800	800	800	800	800	800	800
48	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900	900	900	900	800	800	800	800	800	800	800	800	800
49	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900	900	900	800	800	800	800	800	800
50	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900	900	900	900	800	800	800	800
51	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900	900	900	800	800	800
52	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900	900	800	800
53	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900	900	800
54	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900	900
55	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900	900	900
56	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900	900
57	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900	900
58	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900	900
59	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	900
60	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000
61	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000
62	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000
63	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000
64	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000
65	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000
66	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000
67	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000
68	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000
69	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000
70	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000	1000

** यदि गर्भवती महिलाओं का वज़न 40 किलोग्राम से कम है, तो चार्ट में 40 किलोग्राम वज़न वर्ग पर विचार किया जाना चाहिए।*

इस तालिका का उपयोग आयरन सुक्रोज़ खुराक गणना के लिए एक गाइड के रूप में किया जा सकता है। हालांकि, प्रत्येक गर्भवती महिलाओं के लिए अंतःशिरा आयरन सुक्रोज़ खुराक की गणना करने के लिए गेंजोनी के फार्मूले का उपयोग करना उचित है।

उदाहरण: यदि कोई गर्भवती महिला को गर्भधारण किए 28 सप्ताह हुए हैं और उसका वज़न 36 किलोग्राम है और अगर उसका हीमोग्लोबिन 8.3 ग्राम/डीएल है, तो उसे आयरन सुक्रोज़ की कुल 700 मिग्रा की खुराक (उपरोक्त तालिका के अनुसार) की आवश्यकता होगी। **उस महिला को चार अलग–अलग दौरों में कुल 700 मिलीग्राम (तीन 10 मिली की आयरन सुक्रोज़ शीशियों के साथ, प्रत्येक में 200 मिग्रा आयरन के साथ आयरन सुक्रोज़ के चौथे वायल की 5 मिली की शीशी से आधी खुराक) और दी जानी है 100 मिग्रा आयरन के लिए। पहले सप्ताह में प्रत्येक विज़िट पर 200 मिग्रा आयरन सुक्रोज़ और दूसरे सप्ताह में 100 यह आयरन अंतिम दौरे पर।** उसे चार दौरे करने हैं। प्रत्येक दौरे में 200 मिग्रा आयरन सुक्रोज़ को ट्रांसफ्यूज़ करना होता है और अंतिम बार 100 मिग्रा पर ट्रांसफ्यूज़ करना पड़ता है। प्रवाह आरेख इस गर्भवती महिला में आयरन की खुराक के प्रबंधन को दर्शाता है।



अभिलेखीकरण और खुराक चढ़ाने के बाद प्रबंधन

गर्भवती महिलाओं के प्रसवपूर्व जांच का रिकॉर्ड और गर्भवती महिलाओं के मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड में खुराक, साइड इफेक्ट्स (यदि कोई हो) का अवलोकन करें। प्रेरणा देने के बाद गर्भवती महिला को 1 घंटे के लिए देखरेख में रखा जाना चाहिए और उसी दिन छुट्टी दी जा सकती है यदि सभी चीजें सामान्य हों।

आयरन सुक्रोज़ देने के बाद फॉलो–अप

आयरन सुक्रोज़ देने के बाद गर्भवती महिला के हीमोग्लोबिन स्तर को 4 और 6 सप्ताह में जांचना चाहिए।
यदि चार आयरन सुक्रोज़ उपचार के बाद भी हीमोग्लोबिन के स्तर में कोई परिवर्तन नहीं होता है, तो अनीमिया के अन्य कारणों की जांच की जानी चाहिए।

चरण 3 प्रतिभागियों को 4 समूहों में बांटें और निम्नलिखित केस स्टडी वितरित करें। समूहों को केस स्टडी पर काम करने के लिए कहें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने को कहें।

केस स्टडी 1

सुनीता 24 सप्ताह की गर्भकालीन आयु वाली गर्भवती महिला है। उसका वज़न 53 किलोग्राम है और उसका हीमोग्लोबिन 6.3 ग्राम/डीएल है।

चर्चा के बिन्दु:

1. आयरन सुक्रोज़ की 200 मिग्रा खुराक की कुल कितनी खुराक आवश्यक होगी?
2. किस तरह से खुराक दी जाएगी?
3. उपचार के लिए उसे कितनी बार अस्पताल जाने की आवश्यकता होगी?

केस स्टडी 2

रुखसाना के गर्भ को 32 सप्ताह हो गए हैं। उसका वज़न 39 किलोग्राम है और उसका हीमोग्लोबिन 5.9 ग्राम/डीएल है।

चर्चा के बिन्दु:

1. आयरन सुक्रोज़ की 200 एमजी खुराक की कुल कितनी खुराक आवश्यक होगी?
2. किस तरह से खुराक दी जाएगी?
3. उपचार के लिए उसे कितनी बार अस्पताल जाने की आवश्यकता होगी?

केस स्टडी 3

सरिता के गर्भ को 24 सप्ताह हो गए हैं। उसका वज़न 68 किलोग्राम है और उसका हीमोग्लोबिन 5.6 ग्राम/डीएल है।

चर्चा के बिन्दु:

1. आयरन सुक्रोज़ की 200 एमजी खुराक की कुल कितनी खुराक आवश्यक होगी?
2. किस तरह से खुराक दी जाएगी?
3. उपचार के लिए उसे कितनी बार अस्पताल जाने की आवश्यकता होगी?

केस स्टडी 4

वनीता के गर्भ को 29 सप्ताह हो गए हैं। उसका वज़न 49 किलोग्राम है और उसका हीमोग्लोबिन 8.4 ग्राम/डीएल है।

चर्चा के बिन्दु:

1. आयरन सुक्रोज़ की 200 एमजी खुराक की कुल कितनी खुराक आवश्यक होगी?
2. किस तरह से खुराक दी जाएगी?
3. उपचार के लिए उसे कितनी बार अस्पताल जाने की आवश्यकता होगी?

केस स्टडी 5

जमीला के गर्भ को 35 सप्ताह हो गए हैं। उसका वज़न 69 किलोग्राम है और उसका हीमोग्लोबिन 7.6 ग्राम/डीएल है।

चर्चा के बिन्दु:

1. आयरन सुक्रोज़ की 200 एमजी खुराक की कुल कितनी खुराक आवश्यक होगी?
2. किस तरह से खुराक दी जाएगी?
3. उपचार के लिए उसे कितनी बार अस्पताल जाने की आवश्यकता होगी?

केस स्टडी 6

अनीता के गर्भ को 36 सप्ताह हो गए हैं। उसका वज़न 57 किलोग्राम है और उसका हीमोग्लोबिन 9.2 ग्राम/डीएल है।

चर्चा के बिन्दु:

1. आयरन सुक्रोज़ की 200 एमजी खुराक की कुल कितनी खुराक आवश्यक होगी?
2. किस तरह से खुराक दी जाएगी?
3. उपचार के लिए उसे कितनी बार अस्पताल जाने की आवश्यकता होगी?

चरण 4 समूहों को अपने काम को प्रस्तुत करने के लिए कहें। कोई सवाल होने पर उनका जवाब दें।

चरण 5 सत्र का यह कहते हुए निष्कर्ष बताएं कि इन्ट्रावीनस आयरन सुक्रोज़ का उपयोग कर गर्भावस्था में पैरेंट्रल थेरेपी किया जाता है। खुराक की गणना गेंजोनी के फार्मूले का उपयोग करके की जाती है और हर हफ्ते 200 मिलीग्राम आयरन सुक्रोज़ की 3–4 खुराक देकर उपचार को 2 सप्ताह तक किया जाता है।

याद रखने योग्य बातें

- ☑ अल्प और मध्यम अनीमिया का उपचार आईएफए खुराक के द्वारा प्रभावी ढंग से सभी आयु वर्गों और गर्भावस्था में किया जा सकता है।
- ☑ हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य होने के बाद, परामर्श के द्वारा रोगनिरोधी आईएफए की खुराक प्रदान की जानी चाहिए।
- ☑ दिए गए समय के अनुसार मौखिक आयरन फॉलिक एसिड उपचार के बाद हीमोग्लोबिन के स्तर में कोई सुधार नहीं होने पर सभी मामले को एफआरयू/जिला अस्पताल में भेजा जाना चाहिए।
- ☑ अनीमिया के लिए पैरेंट्रल आयरन थेरेपी इन्ट्रावीनस आयरन सुक्रोज़ का उपयोग किया जा सकता है।
- ☑ इन्ट्रावीनस आयरन सुक्रोज़ (आईवीआईएस) को गंभीर अनीमिया (एचबी 6.9 से 5.0 ग्राम/डीएल) से प्रभावित व्यक्तियों में प्रबंधन के पहले कदम के रूप में माना जाता है, जो गर्भवती के 13–34 सप्ताह के बीच होता है।
- ☑ जिन लोगों के शरीर में लौह अधिक मात्रा में हो या लौह अथवा उसके घटक के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता हो या फिर गैर लौह अल्पता अनीमिया हो, उन्हें आयरन सुक्रोज़ नहीं देना चाहिए।
- ☑ गर्भावस्था के दौरान, इन्ट्रावीनस आयरन सुक्रोज़ (आईवीआईएस) को मध्यम अनीमिया के मामलों में माना जा सकता है, जहां गर्भावस्था के बाद के चरणों में अनीमिया का निदान हेाता है खाने वाली आयरन को न ले, एक महीने के बाद आईएफए उपचार हीमोग्लोबिन स्तर में सुधार (एचबी स्तर ग्राम/डीएल) मौखिक आईएफए उपचार मौखिक आईएफए गोलियों के लिए गैर–संयोजन और प्रसव पूर्व के समय में अनीमिया के लिए भी है।
- ☑ आयरन सुक्रोज़ की खुराक की गणना गेंजोनी के फार्मूले से की जाती है।
- ☑ प्रति सप्ताह 3 खुराक के साथ उपचार को 2–3 सप्ताह तक बढ़ाना पड़ता है।
- ☑ नस में चढ़ाने के बाद किसी भी दुष्प्रभाव के लिए गर्भवती महिला की 1 घंटे तक निगरानी की जानी चाहिए।
- ☑ आयरन सुक्रोज़ के बाद गर्भवती महिला के हीमोग्लोबिन स्तर को 4 और 6 सप्ताह में जांचना चाहिए।

अनीमिया पर बातचीत:
सेवा प्रदाताओं और सामुदायिक कार्यकर्ताओं के लिए स्वस्थ शरीर और तेज़ दिमाग अभियान पर सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन संचार

खण्ड
3

अनीमिया पर बातचीत

सत्र 1: व्यवहार परिवर्तन प्रक्रिया को समझना

भाग 1: कहानी कार्ड का उपयोग करते हुए कहानी बताना।

भाग 2: व्यवहार परिवर्तन में सात चरणों को दर्शाते हुए पहला चार्ट प्रस्तुत करना।

भाग 3: प्रतिभागियों द्वारा बदलते व्यवहार में व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करना।

भाग 4: समूहों और चर्चा से प्रस्तुतियां।

सत्र 2: संचार गतिविधियां और क्लाइंट के साथ अंतर्वैक्तिक संवाद के लिए अनीमिया मुक्त भारत संचार सामग्री का उपयोग कैसे करें

सत्र 1: व्यवहार परिवर्तन प्रक्रिया को समझना

अवधि: 2 घंटे

सीखने का उद्देश्य

सत्र के अंत में प्रतिभागी :

- व्यवहार परिवर्तन प्रक्रिया में विभिन्न चरण बता पाएंगे।
- व्यवहार परिवर्तन के लिए प्रभावी संचार के महत्व को जान जाएंगे।

सत्र के दौरान निम्न पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा

1. अनीमिया की जानकारी में वृद्धि।
2. अनीमिया से होने वाले जोखिम की समझ में वृद्धि।
3. अनीमिया को रोकने/उपचार करने के लिए आवश्यक व्यवहार हेतु प्रोत्साहन और आत्म प्रभावकारिता में वृद्धि।
4. अनीमिया प्रबंधन के लिए सामाजिक समर्थन में वृद्धि।

कार्य प्रणाली

केस स्टडी, चर्चा (अनीमिया मुक्त भारत पर लक्षित समूहों के लिए तीन व्यवहारों पर आधारित केस स्टडी और उदाहरण: 6–59 महीने के बच्चे, 5–9 वर्ष के बच्चे, 15–19 वर्ष के किशोर लड़कियां, 15–19 वर्ष के किशोर लड़के, प्रजनन आयु की महिलाएं, गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली महिलाएं)।

सत्र को चार भागों में बांटा गया है :

भाग 1: कहानी कार्ड का उपयोग करके कहानी बताना।

भाग 2: व्यवहार परिवर्तन प्रक्रिया के सात चरणों को दर्शाते हुए पहला चार्ट प्रस्तुत करना।

भाग 3: सबसे पहले समूह में व्यवहार परिवर्तन से जुड़े अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करना, फिर प्रत्येक समूह द्वारा अपने समूह में साझा किये गये अनुभवों में से एक अनुभव को दूसरे समूहों के साथ सांझा करना।

भाग 4: व्यवहार परिवर्तन प्रक्रिया पर पूर्ण चार्ट प्रस्तुत करना और प्रत्येक चरण पर चर्चा करना। इस पर ध्यान केंद्रित करना कि कोई व्यक्ति परिवर्तन प्रक्रिया के किसी भी चरण से बाहर हो सकता है।

आवश्यक सामग्री

- कहानी कार्ड।
- ब्लैकबोर्ड और चॉक या चार्ट पेपर और स्केच पेन।

भाग 1: कहानी कार्ड का उपयोग करते हुए कहानी बताना

कहानी कार्डों का उपयोग करते हुए निम्नलिखित कहानी सुनाएं :

अवधि: 30 मिनट

कहानी कार्ड 1 : *रामपुर गांव की उप स्वास्थ्य केन्द्र की आशा कार्यकर्ता पूनम इस बात से चिंतित थी कि ब्लॉक में बड़ी संख्या में महिलाएं और किशोरियां एनीमिक थी और कई शिशु कुपोषित थे। उनके गांव के लोग जब भी उपकेन्द जाते आशा उन्हें हमेशा प्रेरित करती रहती। उसने यह निश्चय किया कि वे गांव वालों को नियमित रूप से आयरन की गोली लेने और आयरन से भरपूर आहार के महत्व के बारे में बताएंगी। उसने गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं और उनके परिवारों को नियमित रूप से आयरन की गोली लेने के लिए अपने क्षेत्र की कई आशाओं का सहयोग किया।*

कहानी कार्ड 2 : *शांता, अपनी गर्भावस्था के चौथे महीने में प्रसवपूर्व जांच के लिए पास के गांव के प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र गई। उसका पति भी उसके साथ था। गर्भावस्था का पंजीकरण कराने और सभी आवश्यक जांच करने के बाद, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत एएनएम पूजा ने शांता को गर्भावस्था के दौरान हर रोज़ 180 दिनों तक ली जाने वाली आयरन की लाल गोली की आवश्यकता और लाभ के बारे में बताया। शांता ने पूनम को बताया कि वह नियमित रूप से आयरन की गोली लेने के फायदों को समझती हैं लेकिन उसका परिवार, विशेषकर उनकी सास, आयरन की गोली पर भरोसा नहीं करती हैं। उसकी ननद जिसने अपनी गर्भावस्था के दौरान आयरन गोलियों का सेवन किया था, उन्हें मितली की शिकायत थी और काले रंग का मल भी निकलता था, इसलिए उन्होंने आयरन की गोली लेना बंद कर दिया था। इसके अलावा, उसकी मां और उसकी सास दोनों का मानना था कि आयरन की गोलियां लेने से बच्चे का रंग रूप काला हो जाता है।*

कहानी कार्ड 3 : *पूजा ने एक सहेली की तरह और देखभालकर्ता के रूप में, शांता को समझाया कि आयरन की गोलियां नियमित रूप से लेना मां के अच्छे स्वास्थ्य के साथ–साथ गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए भी बहुत ज़रूरी है। उसने शांता को आयरन की गोलियों का एक पत्ता दिया और आयरन युक्त आहार जैसे कि हरी पत्तेदार सब्ज़ियां, साबुत अनाज, दालें और तिलहन और यदि परिवार मांसाहारी है तो मांस, अंडे, कलेजी और मछली आदि खाने की सलाह दी। उसने आगे बताया कि विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे नींबू, टमाटर, अमरूद, संतरे और अंकुरित अनाज शरीर में आयरन के अवशोषण में मदद करते हैं। उसने प्रसन्नतापूर्वक समझाया कि आयरन की गोली के सेवन से शुरू में कुछ असुविधाएं हो सकती हैं जो आगे चलकर ठीक हो जाती हैं। शांता ने पूजा को आश्वासन दिया कि वह आयरन की गोलियां खाने देने के लिए अपनी सास को मनाने की कोशिश करेगी।*

कहानी कार्ड 4 : *लगभग दो सप्ताह बाद, पूजा ने नियमित सहायक पर्यवेक्षण के दौरान आशा के साथ शांता के गांव का दौरा किया। पूजा ने गांव की गर्भवती महिलाओं की स्थिति के बारे में पूनम से बातचीत करते हुए, शांता की जांच के बारे में याद दिलाया। पूनम ने उन्हें बताया कि वह शांता के घर गई थी और उसने हर रोज़ बिना भूले आयरन की एक गोली लेना शुरू करने के लिए उसे कहा था। पूनम ने पूजा को यह भी बताया कि शांता हमेशा से गोली लेना तो चाहती थी, लेकिन वह हिचकिचाती थी, फिर उसने शांता के घर जाकर शांता की सास को आयरन की गोली लेने के फायदों के बारे में बताया तो अब वे गोली लेने में शांता की सहायता करती हैं। पूजा ने पूनम के साथ शांता के घर जाने का फैसला किया।*

कहानी कार्ड 5 : *शांता की सास के साथ कुशल–मंगल के बारे बातचीत करते हुए, पूजा और पूनम ने शांता के बारे में पूछा। शांता की सास ने उनसे शिकायत करते हुए कहा कि शांता को आयरन की गोलियां लेने के बाद सिरदर्द और मितली जैसा लगता था और वह नहीं चाहती थी कि इन सब समस्याओं की वज़ह से उसके आने वाले पोते पर कोई मुसीबत आए। उसने पूजा और पूनम को बताया कि अब शांता ने आयरन की गोली लेना बंद कर दिया है। जब वे बात कर रहे थे, शांता दोनों को पानी देने आई। शांता का शरीर बहुत पीला और थका हुआ लग रहा था।*

कहानी कार्ड 6 : *पूजा और पूनम दोनों ने एक बार फिर आयरन की गोलियों के लाभ के बारे में बताया, जो गंभीर खतरों से मां और बच्चे दोनों की रक्षा करता है। उन्होंने अपनी स्वयं की गर्भावस्था का उदाहरण दिया और बताया कि कैसे आयरन की गोलियां लेते समय सामान्य समस्याओं का सामना करना पड़ा और कुछ समय बाद वे उनके लिए अभ्यस्त हो गईं। कुछ समय में गोलियों के दुष्प्रभाव भी कम हो गए। पूनम ने अपने साथ रखे संवाद कार्डों के एक सेट का प्रभावी इस्तेमाल करते हुए उन्हें बताया कि क्यों नियमित रूप से आयरन की गोलियां और विटामिन सी से भरपूर आहार जिसमें पत्तेदार सब्ज़ियां, स्थानीय उपजी फल व सब्ज़ियां जैसे कद्दू, पपीता, संतरा, नींबू, अमरूद आदि लेना मां और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।*

कहानी कार्ड 7 : *इसके बाद, पूजा और पूनम ने शांता के पति रामलाल से मिलने का फैसला किया, जो गांव में ही एक छोटी सी दुकान चलाता था। वे दोनों गांव प्रधान जिनकी बहू ने हाल ही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया था को साथ लेकर रामलाल से मिलने गईं। उन्होंने रामलाल को नियमित रूप से ली जाने वाली आयरन की गोली के सभी लाभों को धैर्यपूर्वक समझाया और उससे अनुरोध किया कि वे सुनिश्चित करें कि शांता ये गोली नियमित रूप से ले। उन्होंने यह भी बताया कि खून की कमी वाला व्यक्ति सुस्त महसूस कर सकता है, सांस की तकलीफ या कमज़ोरी का अनुभव कर सकता है और आसानी से थक सकता है। गांव के प्रधान ने शांता के पति को बताते हुए कहा कि उनकी बहू और नवजात दोनों किस लिए स्वस्थ थे क्योंकि उन्होंने आशा और एएनएम दीदी द्वारा दी गई सभी सलाह का पालन किया था। पूनम ने रामलाल से अनुरोध किया कि वह शांता को दो महीने बाद होने वाले प्रसव पूर्व (एएनसी) जांच के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाए।*

कहानी कार्ड 8 : *अगली बार जांच के लिए, रामलाल और उसकी मां दोनों शांता के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गए जहां अन्य चेक–अप के साथ पूजा ने शांता के हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच भी की। सभी परिणाम संतोषजनक थे। यह सब शांता के हर रोज़ आयरन की गोली लेने की वज़ह से ही हो सका। अब शांता का परिवार हर रोज़ आयरन की गोली के साथ आयरन युक्त आहार लेने में उसकी मदद करता है।*

कहानी कार्ड 9 : *शांता ने कुछ महीनों के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। स्वस्थ जच्चा बच्चा से संबंधित सभी चरणों जैसे कि गर्भनाल काटने में विलम्ब और मां का पहला पीला गाढ़ा दूध आदि ज़रुरी बातों को चिकित्सा टीम ने शांता को बताया। पूजा ने शांता और उसके परिवार के सदस्यों को 180 दिनों तक आयरन की गोली हर रोज़ खाने का सलाह देते हुए उन्हें बताया कि स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए आयरन की गोली लेना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि गर्भवती महिलाओं के लिए। अब न केवल शांता अपनी आयरन की गोलियां नियमित रूप से लेती है, बल्कि वह अपने गांव में अन्य गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को भी गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान आयरन की गोलियां लेने के लिए प्रेरित करती है।*

कहानी सुनाने के बाद, निम्नलिखित प्रश्न पूछें :

1. कहानी के बारे में आपने क्या सोचा? क्या आपको शांता जैसे परिवार मिलते हैं जो आपकी सलाह मानने से हिचकिचाते हैं?
2. पूजा ने मामले को कैसे संभाला? क्या उसने शांता की सास से आयरन की गोलियों के सेवन का समर्थन नहीं करने के कारणों का पता लगाने की कोशिश की? क्या शांता के परिवार ने उनकी सलाह मान ली?
3. पूजा ने आखिरकार परिवार को किस तरह समझाया और उचित स्वास्थ्य देखभाल हेतु उसे शांता का समर्थन कैसे मिला?
4. ऐसा क्या है जो पूजा बेहतर कर सकती थी? (जैसे कि आयरन की गोली लेने के संभावित दुष्प्रभावों के बारे में परिवार को पहले से ही समझाना)

प्रतिभागियों को उपरोक्त प्रश्नों पर उनके विचारों को जानने के लिए पर्याप्त समय दें। सवाल पूछना जारी रखते हुए निम्नलिखित सारांश बताएं।

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शांता की पहली जांच के दौरान, पूनम शांता को आयरन की गोली लेना शुरू करने के लिए 'जागरूक' करने के साथ–साथ उसमें गोली लेने के लिए 'इच्छा' उत्पन्न कर पाई। लेकिन उसकी सास ने शांता को प्रभावित किया और उसे मना कर दिया।
- जब पूनम ने शांता से घर पर मुलाकात की, तो वह शांता और उसकी सास को विश्वास दिला पाई ताकि शांता आयरन की गोलियां लेना शुरू कर सके। इस प्रकार, पूनम वांछित व्यवहार परिवर्तन को 'आज़माने' के लिए शांता और उसकी सास को सहमत कर पाई।
- लेकिन जब शांता को मितली और सिरदर्द महसूस हुआ और वे गोली लेने के फायदे के बारे में पूरी तरह आश्वस्त नहीं हो पाई जिससे, शांता ने आयरन की गोलियां लेना बंद कर दिया।
- फिर से, पूजा और पूनम ने शांता की सास से बात की और गांव के सरपंच के साथ शांता के पति रामलाल से भी मिलीं और सभी ने मिलकर परिवार को समझा कर प्रभावित और प्रेरित किया। वे परिवार को यह राज़ी करने में सफल रही कि शांता को हर रोज़ आयरन की गोली लेना शुरू करना चाहिए।
- इस तरह से, परिवार को एहसास हुआ कि हर रोज़ आयरन की गोली लेना और आशा व एएनएम की सलाह का पालन करना उनके हित में था। शांता हर रोज़ आयरन की गोली लेती रही और वह अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने लगी, जिससे उसके व्यवहार में बदलाव आया।
- अब शांता गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को आयरन की गोली के बारे में बताती है और उन्हें हर रोज़ आयरन की गोलियां लेने के लिए 'पैरवीकरण' करती है।

भाग 2: व्यवहार परिवर्तन में सात चरणों को दर्शाते हुए पहला चार्ट प्रस्तुत करना

अवधि: 30 मिनट

भाग 2 में शांता की कहानी की चर्चा को आगे बढ़ाते हुए व्यवहार परिवर्तन प्रक्रिया पर चर्चा आरंभ करें।



परिवर्तन की प्रक्रिया में **चरण 1** में **'जागरुकता'** ज़रुरी है। बोर्ड पर जागरुकता 'लिखें और चर्चा करें कि कैसे शांता इस तथ्य के बारे में जागरूक हुई कि आयरन की गोली लेना सभी महिलाओं के लिए फायदेमंद है। यह जागरुकता किसी पड़ोसी, रिश्तेदार, दोस्त, आशा/एएनएम या किसी अन्य कार्यवाहक (संवाद कार्ड, पुस्तिका या नुस्खा पुस्तक आदि जैसे आईईसी सामग्री का उपयोग करके) से आ सकती है। यह मीडिया जैसे कि अखबार, रेडियो या टीवी के माध्यम से भी हो सकती है।

जब एक ही संदेश को कई बार सुना जाता है, तो मन में 'इच्छा' प्रकट होती है (उदाहरण के लिए हर महिला और लड़की को नियमित रूप से आयरन की गोली लेनी चाहिए, हर बच्चे का टीकाकरण किया जाना चाहिए, हर बच्चा स्कूल में होना चाहिए, संस्थागत प्रसव मां और बच्चे के लिए सबसे सुरक्षित है, आदि)। यह परिवर्तन प्रक्रिया का **चरण 2** है। चार्ट पर 'इच्छा' लिखें और एक तीर खींचें जो यह दर्शाता है कि जागरुकता **'बदलाव की इच्छा'** पैदा करती है।

अब जब किसी में बदलाव की इच्छा होती है, तो बदलाव करने के तरीकों पर गौर किया जाएगा और एक नया **कौशल** प्राप्त हो सकता है (जैसे कि बच्चे को सही तरीके से स्तनपान कराने के लिए कौशल) या **जानकारी** (कब और कहां बच्चे का टीकाकरण हो सकता है या कब आयरन की गोली ली जानी चाहिए)।

एक सहयोगी वातावरण में निम्न शामिल हैं :

- सहायक परिवार, रिश्तेदार और पड़ोसी।
- स्वास्थ्य कार्यकर्ता, वालंटियर और अग्रणी नेता निरंतर प्रोत्साहन के माध्यम से, परामर्श, संवाद और गुणवत्ता सेवाओं के प्रावधान के माध्यम से।
- मीडिया के द्वारा जिंगल्स, स्पॉट, होर्डिंग्स और वॉल पेंटिंग में बार–बार सहायक संदेशों के माध्यम से।

इस प्रकार, **चरण 3** व्यवहार में परिवर्तन करने के लिए आवश्यक 'कौशल या ज्ञान प्राप्त' करना है। 'ज्ञान' (शांता को यह ज्ञान था कि आयरन की गोली कहां से प्राप्त होती है तथा उसे हर रोज़ लेना चाहिए) या 'कौशल' (एक बच्चे को सही तरीके से स्तनपान करा सकने के बारे में।) शब्द बोर्ड पर लिखें, जैसा की चार्ट में दिखाया गया है और इच्छा में परिवर्तन के बाद आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त करने के लिए एक तीर के माध्यम से इंगित करें।

अब जब किसी ने ज्ञान या कौशल हासिल कर लिया है, तो **चरण 4** उस परिवर्तन की कोशिश करेगा (जैसे कि आशा या आंगनवाड़ी द्वारा सलाह के अनुसार आयरन की गोलियों का सेवन शुरू करना)। चार्ट के अनुसार **'आज़माना'** लिखें और परिवर्तन प्रक्रिया में चौथे चरण के रूप में इस पर चर्चा करें। व्यक्ति अपने परिवर्तित व्यवहार का विश्लेषण करता है और यदि यह विश्लेषण नकारात्मक है (जैसा कि शांता के मामले में), तो व्यक्ति प्रक्रिया से बाहर हो जाता है।

यदि यह सकारात्मक हो, तो इसे एक बार फिर से दोहराने की प्रवृति होती है। दूसरे शब्दों में कार्य को 'दोहराना'। यह चक्र का **चरण 5** है। चित्र के अनुसार बोर्ड पर **दोहराना** शब्द को लिखें और प्रतिभागियों के साथ उस पर चर्चा करें।

यदि विश्लेषण नकारात्मक हो, जैसे आयरन की गोलियां लेने के बाद काले मल या मितली, चक्कर होने पर परिवर्तित व्यवहार वापिस अपनी पुरानी स्थिति में जाने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे समय पर व्यक्ति को परिवर्तित व्यवहार दोहराने के लिए सहायक या परिवार से सहयोग, समाधान, स्पष्टीकरण और प्रेरणा की ज़रुरत होती है।

यदि **चरण 5** का अनुभव अच्छा हो, तो परिवर्तित व्यवहार को दोहराने की प्रवृति होती है। दूसरे शब्द में जैसे परिवर्तित व्यवहार को 'जारी रखना' **(चरण 6)** और जल्द ही यह 'नियमित कायम रखना' **(चरण 7)** व्यवहार परिवर्तन या एक आदत बन जाती है। बोर्ड पर **'जारी रखना'** और **'नियमित कायम रखना'** शब्द को लिखें। चार्ट में उन्हें जोड़ने वाले तीर बनायें और प्रतिभागियों के साथ इन चरणों पर चर्चा करें।

इस प्रकार व्यवहार परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी हो जाती है।

भाग 3: प्रतिभागियों द्वारा बदलते व्यवहार में व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करना

अवधि: 30 मिनट

प्रतिभागियों को 6 से 7 सदस्यों के समूह में विभाजित करें। प्रत्येक प्रतिभागी से स्वास्थ्य या पोषण संबंधी व्यवहार को बदलने में अपने व्यक्तिगत अनुभवों को समूह के अन्य सदस्य से साझा करने के लिए अनुरोध करें। (अनीमिया को ठीक करने वाले व्यवहार को अपनाने से संबंधित किसी भी अनुभव या किसी नये व्यवहार को अपनाने के अनुभव को साझा करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें)। भाग 2 में चर्चा और सूचीबद्ध किए गए चरणों को ध्यान में रखते हुए प्रतिभागी अपने अनुभव साझा करें।

भाग 4: समूहों और चर्चा से प्रस्तुतियां

अवधि: 30 मिनट

समूह में प्रत्येक सदस्य को अपने अनुभव साझा करने के बाद, प्रत्येक समूह को समूह के भीतर साझा किए गए अपने अनुभवों में से किसी एक अनुभव का चयन कर उसे अन्य समूहों के साथ साझा करने के लिए कहें। समूह में किसी एक सदस्य को इस अनुभव को प्रस्तुत करना होगा।

प्रत्येक समूह से एक सदस्य को अपने अनुभवों को सबके सामने प्रस्तुत करने के लिए पांच मिनट का समय दें। समूह के सदस्यों से अनुरोध करें कि वे अपने समूहों द्वारा प्रस्तुति करने के दौरान उसमें कुछ भी जोड़ सकते हैं।

सभी समूहों को अपनी प्रस्तुति देने के बाद, प्रतिभागियों से पूछें :

1. जब उन्होंने परिवर्तन को अपनाया था, क्या वे भाग 2 में चर्चा की गई परिवर्तन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों से अवगत थे।
2. क्या किसी भी सदस्य ने व्यवहार परिवर्तन करने की कोशिश की और क्या उसने किसी भी स्तर पर यह कोशिश छोड़ दी थी। इस तथ्य को जानने के लिए पर्याप्त समय दें। चर्चा करें कि परिवर्तित व्यवहार को बीच में ही छोड़ देने के क्या कारण हो सकते हैं।
3. परिवर्तन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण के साथ आगे बढ़ने के लिए कोई उन्हें उत्साहित या प्रेरित कर रहा था।

परिवर्तन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में उनके द्वारा निभाई गई भूमिका के संदर्भ में प्रतिभागियों के अनुभवों का सारांश करें। इससे उन्हें यह समझने में मदद मिलेगी कि प्रत्येक चरण पर एक निश्चित भूमिका कैसे निभानी है।

प्रतिभागियों को प्रत्येक प्रश्न पर चर्चा करने के लिए पर्याप्त समय दें तथा मुख्य बिन्दुओं को दोहराएं।

परिवर्तन प्रक्रिया के दिखाए गए चित्र को पुनः दिखाएं और प्रत्येक चरण में उनकी भूमिका की व्याख्या करें।

सत्र का समापन

सत्र के भाग 2 में बोर्ड पर बनाये चित्र और भाग 3 से चर्चाओं का उपयोग करते हुए, चार्ट पर यह दर्शाते हुए बताएं कि चक्र के किसी भी चरण में परिवर्तन प्रक्रिया असफल हो सकती है, जब तक कि उस विशेष परिवर्तन को करने के लिए कोई व्यक्ति प्रेरित न करे।

यहां पर चिकित्सा अधिकारी (एमओ)/स्टाफ नर्स/एएनएम या कोई अन्य कार्यकर्ता को बदलाव की प्रक्रिया के लिए व्यक्तिगत निगरानी और समर्थन करना चाहिए। हम ऐसे कई मामलों के बारे में जानते हैं जहां महिलाएं और किशोरियां पहले कुछ दिनों तक आयरन की गोली लेने के बाद उसे छोड़ देती हैं। अगर हमें ऐसे ड्रॉप आउट्स को रोकना है, तो हमें अनीमिया के जोखिम से प्रभावित प्रत्येक परिवार से फॉलोअप करना होगा और व्यवहार परिवर्तन की आवश्यकता को समझने में उनका सहयोग करना होगा। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों को वांछित परिवर्तन करने में मदद करने के लिए एक सक्षम वातावरण बनाये रखा जाए। एक सहयोगी वातावरण में निम्नलिखित शामिल होंगे–

1. सहायक परिवार, रिश्तेदार और पड़ोसी।
2. स्वास्थ्य कार्यकर्ता, वालंटियर और अग्रणी नेता के निरंतर प्रोत्साहन के माध्यम से, परामर्श, संवाद और गुणवत्ता सेवाओं के प्रावधान के माध्यम से।
3. मीडिया के द्वारा जिंगल्स, स्पॉट, होर्डिंग्स और वॉल पेंटिंग में बार–बार सहायक संदेशों के माध्यम से।

निष्कर्ष के रूप में, प्रतिभागियों से पूछें कि उन्हें सत्र कैसा लगा और उन्होंने क्या जानकारी प्राप्त की। उनसे पूछें कि मुख्य रूप से उन्होंने क्या सीखा और क्या वे व्यवहार परिवर्तन प्रक्रिया की समझ बना पा रहे थे। उन्हें बताएं कि हम आगे की अवधारणा को जानेंगे और व्यवहार परिवर्तन पर और काम करेंगे।

फैसिलिटेटर के लिए नोट

ज़ोर दें कि सहजकर्ता परिवर्तन प्रक्रिया के हर चरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शांता के मामले में, एएनएम पूनम ने सबसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शांता के साथ चर्चा की। जब यह काम नहीं किया, तो वह उसके घर गई और उसके पति और उसकी सास से बात की और उन्हें आयरन की गोली लेने के महत्व के बारे में जागरुक किया। जब वे दूसरी बार भी सफल नहीं हुई तो उन्होंने सरपंच के साथ रामलाल से मिली और परिवार को मना लिया।

इस प्रकार, प्रत्येक चरण में, हमें बहुत सचेत रहना होगा कि व्यक्ति या परिवार नये परिवर्तित व्यवहार को छोड़ सकते हैं और इसलिए हमें उन पर नज़र रखते हुए यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम सहायक कार्य नीतियों के साथ व्यवहार परिवर्तन लाने के अपने प्रयासों को जारी रखें।

महिलाओं, किशोरियों, बच्चों में अनीमिया की रोकथाम – आहार, आयरन फॉलिक एसिड, कृमि नियंत्रण

व्यवहार	प्रमुख संदेश
6–59 माह तक के प्रत्येक बालक को सप्ताह में दो बार आयरन फॉलिक एसिड सिरप प्राप्त होता हो। 12–59 माह के बच्चों को साल में दो बार कृमि नियंत्रण मिले (12–24 माह के बच्चे को आधी गोली और 24–59 माह के बच्चे को एक गोली)। 5–9 वर्ष के प्रत्येक बच्चे का पर्याप्त विविध आहार सहित साप्ताहिक पिंक आयरन फॉलिक एसिड संपूरक और साल में दो बार कृमि नियंत्रण देकर रक्ताल्पता से सुरक्षा किया जाए।	• स्कूल में पढ़ाई और अच्छा प्रदर्शन करने में कठिनाई होती है। रक्त में आयरन की कमी से ही रक्ताल्पता की स्थिति बनती है। • बच्चों को विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ खाने चाहिए जिनमें हरी पत्तेदार सब्ज़ियां, प्रोटीन और विटामिन हो और रक्ताल्पता से बचाव हर सप्ताह आईएफए संपूरक लें। • आंतों में कीड़ों से भी अनीमिया हो सकता है। हर बच्चे को साल में दो बार कृमिनाशन गोली दी जानी चाहिए। • देख–रेखाकर्ताओं द्वारा बालक और बालिकाओं की जांच करायें। यदि वे रक्त की कमी से पीड़ित हो तो उपचार शुरू करें।
प्रत्येक किशोर/किशोरियों को पर्याप्त विविध आहार, साप्ताहिक नीली आयरन और एसिड संपूरक, साल में दो बार कृमि नियंत्रण देकर रक्ताल्पता से सुरक्षा किया जाए।	• रक्त में यथेष्ट आयरन के बिना किशोर और किशोरियां रक्त की कमी से ग्रसित हो जाते हैं और थकान, कमज़ोरी महसूस करते हैं, भूख नहीं लगती है और पढ़ाई में मन नहीं लगता है। • इससे बचाव के लिए किशोर/किशोरियों को विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों में आयरन युक्त और विटामिन–सी से युक्त भोजन लेना चाहिए। • किशोर/किशोरियों को सप्ताह में आयरन संपूरक और 6 माह में कृमि नियंत्रण गोली लेनी चाहिए। • देख–रेखकर्ताओं को बालक/बालिकाओं की जाचं करनी चाहिए और यदि वे रक्त की कमी से पीड़ित हों तो उनका उपचार शुरू करें।
प्रत्येक गर्भवती महिला और स्तनपान कराने वाली माता के लिए यथेष्ट विविध आहार होता है और वह रोज़ाना आयरन और फॉलिक एसिड संपूरक तथा कैल्शियम, कृमिनाशन और आयोडीन युक्त नमक का उपभोग करें।	• रक्त की कमी एक गंभीर स्थिति है और इससे समय पूर्व जन्म, कम वज़न के बच्चे पैदा हो सकते हैं और माता की मृत्यु तक भी हो सकती है। • बच्चों का विकास (मानसिक एवं शारीरिक) गर्भावस्था में शुरू होता है। अतः गर्भावस्था में रक्त की कमी से बचाव करें। • गर्भवती महिलाओं को आयरन की अधिक ज़रुरत होती है। गर्भावस्था के दौरान और जब तक बच्चा स्तनपान के माध्यम से केवल आपसे पोषण प्राप्त करता है रोज़ाना आईएफए गोली कम से कम 6 माह तक उपभोग करना सुनिश्चित करें। • गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताएं रक्त की कमी को रोकने में सहायता हेतु कृमि नियंत्रण गोली लें।
प्रत्येक गर्भवती महिला एवं स्तनपान कराने वाली माता के लिये परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध हो।	• गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को अगली गर्भावस्था में देरी के लिए परिवार नियोजन विधियों की जानकारी और नियमित एवं आसानी से आपूर्ति की आवश्यकता होती है ताकि पिछले प्रसव से पूर्णतः स्वस्थ हो सके।
मच्छरदानी के प्रयोग के ज़रिए मलेरिया से हर बच्चे की सुरक्षा की जाए।	• अनीमिया मलेरिया से होता है जो विकास में बाधक है। • मलेरिया से बचने के लिये बच्चों को मच्छरदानी में सुलाया जाना चाहिए। • मलेरिया प्रभावित क्षत्रों में परिवार के सभी सदस्यों को मच्छरदानी में सोना चाहिए।

सत्र 2: संचार गतिविधियां और क्लाइंट के साथ अंतर्वैक्तिक संचार तथा संवाद के लिए 'अनीमिया मुक्त भारत' की संचार सामग्री का उपयोग कैसे करें

अवधि: 1 घंटा

सीखने का उद्देश्य

सत्र के अंत तक प्रतिभागी :

संचार गतिविधियों के लिए योजना बनाना, अनीमिया मुक्त भारत के संचार पैकेज का उपयोग करने के कौशल को समझना और अभ्यास करना, जिसमें अंतर्वैक्तिक संचार और ग्राहकों के साथ संवाद के लिए निम्नलिखित सामग्रियां शामिल हैं, को जान पाएंगे :

1. पोस्टर का सेट।
2. संवाद कार्ड।
3. पुस्तिका।
4. नुस्खों की पुस्तिका।
5. खेलने के कार्ड।
6. चार मंत्र पुस्तिका।
7. टीवी प्रसारण – थकान मेल, तूफान मेल।
8. रेडियो प्रसारण – थकान मेल, तूफान मेल।

कार्य प्रणाली

प्रदर्शन और मॉक सत्र।

आवश्यक सामग्री

- पोस्टर का सेट, संवाद कार्ड, पुस्तिका, नुस्खों की पुस्तिका, खेलना के कार्ड, चार मंत्र पुस्तिका, टीवी प्रसारण – थकान मेल, तूफान मेल, रेडियो कार्यक्रम – थकान मेल, तूफान मेल।
- हैंडआउट 2 : एएमबी संचार सामग्री का उपयोग कैसे करें।

प्रक्रिया

1. सामग्री का उपयोग करने के तरीके का प्रदर्शन और सामग्री का उपयोग करने के तरीके के बारे में बताएं। प्रतिभागियों के किसी भी प्रकार के प्रश्नों के उत्तर दें।
2. अब प्रत्येक सामग्री का उपयोग करने के लिए 2–3 स्वयंसेवकों को एक मॉक सत्र आयोजित करने के लिए कहें।

सामग्री का उपयोग करने के बारे में हैंडआउट साझा करें और प्रतिभागियों को इसे पढ़ने के लिए कहें। प्रतिभागियों को इसके लिए लगभग 15 से 20 मिनट का समय दें। हैंडआउट से जुड़ी प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान करें। एक फ्लिप–चार्ट पर इन सामग्रियों का उपयोग कैसे किया जा सकता है, की चेकलिस्ट तैयार करें।

हैंडआउट 2: अनीमिया मुक्त भारत की संचार सामग्री का उपयोग कैसे करें

उपयोग कैसे करें — संवाद (डायलॉग) कार्ड

लक्षित समूह : किशोर–किशोरी, गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली महिलाएं, प्रजनन आयु की महिलाएं, पति, माता–पिता, सास

- संवाद कार्डों को ऐसी जगह रखें, जिससे एक छोटा समूह इसे देख सके या कार्ड को समूह में सभी प्रतिभागियों को बारी से दिखाएं।
- चित्रों को इंगित करें, लिखित शब्दों को नहीं।
- सभी को देखते हुए बात करें (समूह चर्चा में)। यदि समूह सदस्य कार्ड को नहीं देख पा रहे तो संवाद कार्ड को कमरे के चारों ओर ले जाएं। समूह को बातचीत में शामिल करने का प्रयास करें।
- प्रतिभागियों को चित्र दिखाकर उनकी समझ की जांच करें और चित्रों के बारे में प्रश्न पूछें।
- यदि संवाद कार्ड में शब्द है, तो इसे एक गाइड के रूप में उपयोग करें, लेकिन अपने आप को पहले से सामग्री से परिचित कराएं ताकि आप शब्दों पर निर्भर न हों।
- संवाद कार्ड 1–13 सभी लक्षित समुदायों के लिए सामान्य हैं और उन्हें सभी को दिखाया जा सकता है। डायलॉग कार्ड 14, 6–59 महीने के बच्चों के लिए है, डायलॉग कार्ड 15, 5–9 साल के बच्चों के लिए है, डायलॉग कार्ड 16, 10–19 साल के बीच किशोरों के लिए है, डायलॉग कार्ड 17, प्रजनन उम्र की महिलाएं (डब्ल्यूआरए) के लिए है, डायलॉग कार्ड, 18 गर्भवती महिलाओं के लिए है और डायलॉग कार्ड 19 स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए है। इसे विशेष रूप से उन लक्षित समुदायों या उनकी देखभाल करने वालों को आवश्यकतानुसार दिखाया जा सकता है।

उपयोग कैसे करें — पुस्तिका

लक्षित समूह : किशोर–किशोरी, माता–पिता



फैसीलिटेटर द्वारा दिए गए मौखिक जानकारी पर बेहतर समझ बनाने के लिए 'किशोरों के लिए चार मंत्र पुस्तिका' को बनाया गया है। सही तरीके से उपयोग किये जाने पर किशोरों को दिए जाने वाले संदेशों को बेहतर रूप से समझा जा सकता है।

इन पुस्तिकाओं के उपयोग के लिए सुझाव (यह सामग्री मुख्य रूप से एएफएचसी सलाहकारों द्वारा उपयोग की जा सकती है):

- किशोरों को पुस्तिका का प्रत्येक पृष्ठ दिखाते हुए बातचीत करें। इससे किशोरों द्वारा झेली जाने वाली किसी समस्या या व्यवहार के बारे में तथा उनके प्रश्नों के उत्तर देने का अवसर मिलेगा।
- इशारा चित्रों पर करें न कि शब्दों पर। इससे किशोरों को यह याद रखने में मदद मिलेगी कि चित्र में क्या दर्शाया गया है।
- किशोरों की प्रतिक्रियाओं का आकलन करें। यदि वह हैरान या चिंतित दिखते हैं, तो चिंताओं पर चर्चा करें या सवाल पूछें। चर्चा एक अच्छे संबंध स्थापित करने और आपके और किशोरों के बीच विश्वास कायम करने में मदद करेंगी।
- किशोरों को पुस्तिका दें और सुझाव दें कि वह इसे दूसरों के साथ साझा करें, भले ही वे किशोर दिए गए स्वास्थ्य अभ्यास को न अपनाने का निर्णय लें।

उपयोग कैसे करें — खेलने के कार्ड

लक्षित समूह : साक्षर और कम साक्षर समुदाय के लोग किशोर–किशोरी, स्कूल जाने वाले बच्चे

खेल शुरू करने से पहले, कार्ड के डिब्बे पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और फिर सत्र का संचालन करें। कार्ड अलग–अलग समुदायों के साथ खेले जा सकते हैं जो पढ़े–लिखे हों या कम पढ़े–लिखे। सभी कार्डों को मिलाएं और प्रतिभागियों में बांटें। सभी प्रतिभागियों के पास समान संख्या में कार्ड होने चाहिए। फिर, डिब्बे पर दिए गए निर्देशों के अनुसार सत्र का संचालन करें।

उपयोग कैसे करें — घर पर तैयार 'आयरन युक्त आहार' नुस्खों की पुस्तिक

लक्षित समूह : स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, साक्षर व कम साक्षर प्रजनन आयु की महिलाएं

रेसिपी बुकलेट विभिन्न आयरन युक्त व्यंजनों की जानकारी प्रदान करती है जिससे कि स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्री जैसे कि पालक, बाजरा, सोया आटा, मूंगफली, गुड़ आदि का उपयोग करके पोहा, बर्फी, लड्डू, चाट आदि तैयार किए जा सकते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं पर आने वाली महिलाओं के साथ इन व्यंजन विधियों को बातचीत में उनकी खाना पकाने की प्राथमिकाएं जानते हुए साझा किया जा सकता है। आप उन्हें बता सकते हैं कि ये व्यंजन पकाने में आसान और स्वादिष्ट हैं तथा पूरे परिवार द्वारा इनका आनंद लिया जा सकता है। आप बुकलेट से उन व्यंजनों पर चर्चा कर सकते हैं जो उन्हें पसंद हों और उन्हें अपने इस्तेमाल के लिए एक प्रति भी दे सकते हैं।

उपयोग कैसे करें — पैंफलेट

लक्षित समूह : साक्षर व्यक्ति

पैंफलेट समुदाय में उन सदस्यों को दिया जा सकता है जो स्वास्थ्य सुविधाओं में आते हैं तथा आराम से पढ़ना पसंद करते हैं। पैंफलेट अनीमिया के कारणों, संकेतों और लक्षणों, इसकी रोकथाम और नियंत्रण तथा 'क्या करें और क्या न करें' के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करता है। इसे प्रभावी रूप से आईईसी सामग्री के रूप में उन लोगों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो पढ़ सकते हैं। इसे प्रधानमंत्री सुरक्षित मैतृत्व अभियान (पीएमएसएमए) और टीकाकरण कार्यक्रमों के दौरान समुदाय के सदस्यों के बीच किया जा सकता है। इसे गृह भ्रमण के दौरान सत्र के समय दी गई जानकारी को याद दिलाने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

उपयोग कैसे करें — लीफलेट

लक्षित समूह : साक्षर व्यक्ति

लीफलेट क्लाइंट को आराम से पढ़ने के लिए बांटा जा सकता है। लीफलेट आहार और आयरन की गोली के सेवन के बारे में प्रत्येक लक्षित समुदायों को जानकारी प्रदान करता है। इसे प्रभावी रूप से आईईसी सामग्री के रूप में उन लोगों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो पढ़ सकते हैं। इसे बैठकों, त्योहारों और कार्यक्रमों के दौरान क्लाइंट के बीच वितरित किया जा सकता है। यह सत्र के दौरान दी गई जानकारी के बारे में याद दिलाने के लिए गृह भ्रमण के दौरान भी दिया जा सकता है।

उपयोग कैसे करें — पोस्टर

लक्षित समूह : साक्षर व्यक्ति



दो प्रकार के पोस्टर हैं :

- जानकारी और व्यवहार को सक्रिय करने के लिए पोस्टर (समुदायों के विभिन्न स्तरों और लक्षित समूहों के लिए पोस्टर – जैसे देखभाल करने वाले, प्रजनन आयु की महिलाएं (डब्ल्यूआरए), गर्भवती महिला, स्तनपान कराने वाली महिलाएं और किशोरों के लिए)
- शिक्षित करने के लिए पोस्टर (क्या करें और क्या ना करें)
- सुविधा केन्द्रों में प्रदर्शन करने वाले स्थानों पर पोस्टर जैसे कि गलियारों में, प्रसूति वार्ड के भीतर तथा बाहर, मेडिकल स्टोर पर बाहर और एडॉलसेन्ट फ्रेंडली हेल्थ क्लीनिक (एएफएचसी) के भीतर तथा बाहर। पोस्टर लगाने का स्थान चयन करने से पहले यह सोचें कि पोस्टर से क्या संदेश जाएगा तथा समुदाय के लोग उसे कैसे समझेंगे।
- लक्षित समुदायों के साथ चर्चा शुरू करने के लिए भी पोस्टर का उपयोग कर सकते हैं।
- लक्षित समुदायों से पूछें कि वे पोस्टर में क्या देख रहे हैं और इससे वे क्या समझ सकते हैं। अगर उनका उत्तर सही है, तो उनकी समझ को सकारात्मक रूप से मज़बूत करें। यदि गलत है, तो विनम्र और धैर्यपूर्ण तरीके से उनकी समझ में सुधार करें।

उपयोग कैसे करें — टेलीविज़न और रेडियो प्रसारण

लक्षित समूह : सभी व्यक्तियों के लिए

अनीमिया मुक्त भारत रणनीति के रूप में विभिन्न लक्षित समुदायों के लिए टीवी प्रसारण और रेडियो स्पॉट की एक श्रृंखला तैयार की गई है। ऐसा ही एक टीवी और रेडियो स्पॉट है थकान मेल, तूफान मेल, जो किशोरों के लिए है। सभी टीवी प्रसारण और रेडियो स्पॉट को नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से अनीमिया मुक्त भारत वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है और प्रासंगिक टीवी और रेडियो स्पॉट को अपने स्मार्टफोन पर फैसीलिटेटर द्वारा विशिष्ट लक्ष्य समुदायों को दिखाया जा सकता है।

सत्र का समापन

संचार सामग्री का उपयोग करने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि वे चर्चा को विषय पर केंद्रित रखने में मदद करती है। चर्चा विषयपरक और संक्षिप्त रहती है जो एक अच्छे संचार की पहचान है।

फैसिलिटेटर के लिए नोट

- यह सत्र संचार सामग्री के उपयोग के महत्व पर प्रकाश डालता है और प्रतिभागी इन संचार साधनों का अपने ज्ञान का आकलन करने के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- हैण्डआउट को प्रतिभागियों के साथ साझा किया जाना चाहिए तथा उसे पढ़ने के बाद प्रतिभागियों के द्वारा उठाए गए प्रश्नों का उत्तर दिया जा सकता है। सत्र का मुख्य उद्देश्य संचार सामग्रियों के सही उपयोग तथा सत्रों के संचालन का अभ्यास करना है। इन सामग्रियों के सही इस्तेमाल के लिए चेकलिस्ट बनाने में भी प्रतिभागियों को सहयोग दें जिससे हैण्डआउट में दी गई सीख सुदृढ़ हो सके।

आपूर्ति श्रृंखला मैनुअल:
कार्यक्रम प्रबंधकों और सेवा प्रदाताओं के लिए

खण्ड
4

सत्र 1: सार्वजनिक स्वास्थ्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन

सत्र 2: आईएफए आपूर्ति श्रृंखला प्रक्रिया और कार्य योजना

सत्र 3: राज्य-जिला-ब्लॉक टीम की भूमिकाएं और ज़िम्मेदारियां

पृष्ठभूमि

